

तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,रविवार 15 नवंबर 2026 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष -42 ■ अंक-225 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 16 नवंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

धरती आबा भगवान
बिरसा मुंडा जी की
जयंती पर शत् शत् नमन





जनजातीय गौरव दिवस



मुख्य अतिथि
श्री नितिन नवीन
माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा

जनजातीय गौरव दिवस

15 नवंबर 2026 | समय - प्रात: 9 बजे | दशहरा मैदान, धरमजयगढ़ जिला - रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन)

1,544 जनजातीय ग्रामों में 11 विकास गतिविधियों से 56,569 परिवार लाभान्वित

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

6,691 जनजातीय ग्रामों में 25 विकास गतिविधियों से 11 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित

₹60 हजार करोड़
की राशि से जनजातीय क्षेत्रों का उत्थान एवं विकास

महिला उत्थान

महतारी वंदन योजना
19.89 लाख से अधिक जनजातीय महिलाओं के खाते में ₹629.64 करोड़ से अधिक राशि अंतरित

पक्की छत का निर्माण

9.86 लाख जनजातीय परिवारों को मिले पक्के आवास

वन अधिकार से सशक्तीकरण

4.88 लाख से अधिक व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, 46,868 सामुदायिक वन अधिकार पत्र और 4,412 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र वितरित

जनजातीय उत्थान
विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण



श्री विजय शर्मा
माननीय उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

श्री अरुण साव
माननीय उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

श्री किरण सिंह देव
माननीय प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा छत्तीसगढ़

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

#Rajesh

भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

छठ महापर्व पर भक्ति और आस्था से सराबोर इस्पातनगरी, घाटों पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 15 नवंबर । लोक आस्छठ महापर्व पर भक्ति और आस्था से सराबोर इस्पातनगरी, घाटों पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाबथा, श्रद्धा, पवित्रता और सूर्य उपासना का महापर्व छठ इस्पातनगरी में पूरे उत्साह, उमंग और भक्तिमय वातावरण में मनाया जा रहा है। शहर के विभिन्न तालाबों, घाटों और घरों में छठी मैया की आराधना को लेकर अपूर्व उल्लास देखने को मिला है । चारों ओर छठी मैया के पारंपरिक गीतों, भक्ति संगीत और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा है । पर्व को लेकर व्रतियों और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

आज अपराह्न चार बजे से ही छठ व्रती महिलाएं एवं पुरुष अपने परिवारजनों और परिजनों के साथ सिर पर पूजन सामग्री, फल, फूल, नारियल, गन्ना तथा पारंपरिक प्रसाद से



सजे सूप एवं दउरा लेकर तालाबों और घाटों की ओर रवाना होने लगे। कई स्थानों पर श्रद्धालु बाजे-गाजे के साथ छठी मैया के पारंपरिक गीत गाते हुए घाटों तक पहुंचे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में पर्व को लेकर खास उत्साह नजर आया। घरों से घाटों तक दिखाई दे रही श्रद्धा और भक्ति की यह तस्वीर छठ महापर्व की सांस्कृतिक एवं पारिवारिक एकजुटता को प्रदर्शित कर रही थी।

घाटों पर दिखी आस्था और परंपरा की अनुपम छटा

छठ व्रतियों के स्वागत एवं सुविधा के लिए तालाबों और घाटों पर व्यापक तैयारियां की गई हैं। घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पूजन के लिए स्थान तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया। घाटों पर पहुंचकर व्रतियों ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु एवं खुशहाली की कामना की। छठ महापर्व की सबसे विशेष बात इसकी कठिन साधना, अनुशासन और पवित्रता है। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व में व्रती पूरी श्रद्धा और निष्ठा के साथ नियमों का पालन करते हैं। बिना अन्न-जल ग्रहण किए कठिन निर्जला व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बनती है। सूर्यदेव और छठी मैया की आराधना के माध्यम से प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का यह पर्व सामाजिक समरसता और पारिवारिक एकता का भी संदेश देता है।

लोक संस्कृति और सामाजिक एकता का बना प्रतीक

छठ महापर्व के दौरान घाटों पर उमड़ी भीड़ में सामाजिक एकता और सद्भाव की सुंदर झलक देखने को मिली। समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एक साथ पर्व मनाते नजर आए। छठी मैया के पारंपरिक लोकगीतों ने पूरे वातावरण में उत्सव का रंग घोल दिया। व्रतियों की सेवा और सहयोग के लिए परिवारजनों के साथ अन्य श्रद्धालु भी सक्रिय दिखाई दिए। घाटों पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब और छठी मैया के जयकारों से गूंजता वातावरण देर तक पर्व की दिव्यता और उल्लास का अहसास कराता रहा। घाटों पर मेले सा नजारा देखने को मिला । आबालवृद्ध छठी मैया का आशीर्वाद लेने घाटों पर पहुंचते रहे ।

एक नजर

पैसा न लौटाने पर जुर्म दर्ज,जांच जारी

भिलाई, 15 नवंबर (तछसं.)। भिलाई आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड का एजेंट बताकर प्रार्थी से जबरन रकम जमा कर लिए गए। समय सीमा पूरी होने पर जब प्रार्थी ने रकम वापस मांगी तो टाल मटोल किया गया इस पर प्रार्थी ने न्यायालय की शरण ली थी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दुर्ग के आदेश पर मोहन नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 316 (2), 318 (4) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया गया है पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अनिल कुमार सोनी 65 वर्ष बीएसपी से सेवानिवृत कर्मी है और वह जवाहर नगर दुर्ग में निवास करते हैं। उनकी पहचान एल आई सी एजेंट एवं आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड का एजेंट रमन सोनी निवासी सड़क नंबर 3 हनुमान मंदिर के सामने शंकर नगर से थी आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड का पंजीकृत कार्यालय सिहोरी राजस्थान में है वहीं क्रिसेट प्लाजा ग्रीन चौक में स्थानीय कार्यालय है। आरोपी रमन सोनी आदर्श क्रेडिट सोसाइटी का एजेंट है वहीं आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी चित फंड कंपनी है जो लोगों को अधिक ब्याज देने का लालच देकर बैंकिंग का व्यवसाय करते हैं जान पहचान होने पर आरोपी ने प्रार्थी को भारतीय जीवन बीमा निगम के विभिन्न पॉलिसियों व स्कीम के संबंध में जानकारी दी। पहचान का हवाला देकर आरोपी ने वर्ष 2018 में आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड में पैसा जमा करने एवं बैंक से ज्यादा ब्याज दिलाने का लालच देकर कंपनी में 50000 रुपए इन्वेस्ट किया था आरोपी रमन सोनी ने जमा की गई रकम की रसीद भी लाकर दी थी और कहा था कि समय पूर्ण होने पर यदि कंपनी रकम ब्याज सहित वापस नहीं करती है तो मैं स्वयं उसका भुगतान करूंगा 31 मार्च 2024 को मैच्योरिटी पूर्ण होने पर रकम वापस नहीं की गई थी ।

युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

भिलाई, 15 नवंबर (तछसं.)। भिलाई मोबाइल खरीदने गए युवक ने बाथरुम में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है सुपेला पुलिस ने बताया कि आकाशगंगा स्थित हिमालय कॉम्प्लेक्स में निहाल सिंह नामक युवक फोन खरीदने के लिए आया हुआ था मोबाइल दुकान संचालक के मुताबिक फोन को दुकान से फायनेंस कराने की प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसके मोबाइल पर कॉल आया थोड़ा वह परेशान सा हो गया था। थोडे देर बाद खबर मिली कि बाथरुम में युवक फांसी लगा ली। सूचना पुलिस को देने के बाद मौके पर पहुंची टीम ने शव का शिनाख्त कर उसे पीएम के लिए मरचूरी भेज दिया गया। बताया गया है कि निहाल आईफोन खरीदने के लिए मोबाइल दुकान में पहुंचा था युवक गमछा को फांसी का फंदा बनाकर फांसी लगाया था कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में बने सार्वजनिक बाथरुम में फांसी पर युवक का शव लटका मिला था फिलहाल युवक ने किस कारण और क्यों आत्महत्या किया था इसकी जानकारी पुलिस को नहीं मिल पाई है बताया तो यहां तक जा रहा है कि मृतक सोशल मीडिया में किसी से बात कर रहा था। जांच के बाद ही कई संदेहों पर विराम लग पाएगा। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है ।

गांजा बेच रहा युवक गिरफ्तार



भिलाई, 15 नवंबर (तछसं.)। भिलाई अवैध गांजा बिक्री पर दुर्ग पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है अंजोरा चौकी पुलिस ने ग्राम महमरा में शिव मंदिर के बगल में गांजा बेच रहे निगरानी बदमाश को गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से 02 किलो 500 ग्राम गांजा और बिक्री की नगद रकम 25,700 रुपये सहित कुल 1,49,700 रुपये की सामग्री जब्त की गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना पुलगांव क्षेत्र का निगरानी बदमाश लखन गौड़ ग्राम महमरा एनिकेट के पास स्थित शिव मंदिर के बगल में अवैध रूप से गांजा बिक्री कर रहा है अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी और दबिश दी और आरोपी को पकड़ लिया आरोपी लखन गौड़, उम्र 55 वर्ष, निवासी डिपरा पारा को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी में उसके पास से 2 किलो 500 ग्राम गांजा और 25,700 रुपये नगद बरामद हुए आरोपी के खिलाफ धारा 20 (ख), 27 (क) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया है ।

सुसाइड नोट में नाम मिलने पर कार्रवाई

भिलाई, 15 नवंबर (तछसं.)। भिलाई नेवई थाना क्षेत्र के रिसाली निवासी एलएलबी छात्रा के आत्महत्या मामले में पुलिस ने अनुज सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध दर्ज किया है छात्रा के सुसाइड नोट में आरोपी के नाम का उल्लेख मिलने और अन्य साक्ष्यों के आधार पर यह कार्रवाई की गई है नेवई थाने फिलहाल पुलिस फरार आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

घुघुवा(क) में एतिहासिक 'गंवई संगम' में बड़ी संख्या लोग जुटे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 15 नवंबर। जनपद पंचायत पाटन के अंतर्गत ग्राम घुघुवा(क) में एतिहासिक 'गंवई संगम - लोक कला अउ परंपरा के तिहार' का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक एवं जनपद पंचायत पाटन के सभापति श्री प्रणव शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं और आध्यात्मिक विरासत को समर्पित इस आयोजन ने ग्रामीण संस्कृति को नया मंच दिया।

क्षेत्र में पहले बार नौका विहार-

गांव में मेला मंडाई की खचाखच भारी भीड़ में आयोजन की शुरुआत नारायण सरोवर घाट पर दोपहर 3 बजे एसडीआरएफ की उपस्थिति में नौका विहार से हुवा, बड़े बुजुर्ग माता बहनों ने छोटे बच्चों सहित क्षेत्र में प्रथम बार आयोजित नौका विहार से गदगद होकर उसका खूब आनंद लिया।

एक दिया राम के नाम -दिपावली में गांव में विराजित मां लक्ष्मी जी की आरती के साथ भक्तिमय माहौल में उपस्थित पंडित जी लोगों द्वारा मां गंगे जी, शिव जी, विष्णु जी की भव्य महाआरती



कराया गया, जिसमें एक एक दिए के साथ पूरे क्षेत्रवासी पुण्य के भागी बने।

छत्तीसगढ़ की संस्कृति सुवा नृत्य का आयोजन-

महाआरती के बाद माताओं बहनों ने मंच पर सुवा नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसमें घुघुवा(जमराव), करगा गभरा और घुघुवा(क) के बहनों की आकर्षक प्रस्तुति हुई, जिसे आयोजक और दर्शकों ने प्रोत्साहित किया।रात्रि में उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाया जिसमें प्रमुख रूप से दुर्ग ग्रामीण के विधायक एवं ओबीसी प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त ललित चंद्राकर, भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, धरसींवा विधायक एवं पद्मश्री अनुज शर्मा, समाजसेवी अवधेश शर्मा, केडी दीवान, डॉ नीलिमा शर्मा, सौम्या शर्मा, केशव बंछोर, राजू जंघेल, बसंत चंद्राकर, ग्राम की सरपंच शैलेन्द्री साहू आदि की उपस्थिति हुई, विधायक ललित चंद्राकर एवं जीतेन्द्र वर्मा ने अपने उद्बोधन में एतिहासिक आयोजन की सराहना कर संयोजक प्रणव के कुशल नेतृत्व और निरंतर सफल कार्यक्रम आयोजन के लिए बधाई दी।

रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम- लोक छाया

रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक छाया, सुप्रसिद्ध लोक गायिका छाया चंद्राकर की सुमधुर प्रस्तुति ने कार्यक्रम ने लोगों को मंत्रमुग्ध किया और विशेष निवेदन पर अनुज शर्मा ने अपने दो गीत से समां बांध दिया। हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी, युवा, माताएं-बहनें और संस्कृति प्रेमी इस आयोजन के साक्षी बने, कार्यक्रम का आयोजन सनातन जागरण समिति, यंग स्टार बॉयज क्लब एवं समस्त ग्रामवासी, घुघुवा(क) द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संयोजक सभापति प्रणव शर्मा ने समस्त ग्रामवासियों, सहयोगी समितियों, जनप्रतिनिधियों, पुलिस, जिला प्रशासन और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम आयोजन में प्रमुख भूमिका विद्यासागर निषाद, झम्मन साहू, पवन सेन, डाकेश साहू, दुष्यंत साहू, चितरंज साहू, प्रशांत शर्मा, तिलक यादव, आमोद सिंह, द्रोण सेन, होमेन्द्र साहू, कामेश साहू एवं साथियों की रही।

जामुल नगर पालिका में कांग्रेस और बीजेपी से अध्यक्ष पद के कई दावेदारों की चर्चा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 15 नवंबर। जामुल नगर पालिका में वार्ड पार्षदों की दावेदारी की चर्चा कम होती दिख रही है लेकिन अध्यक्ष की चर्चा जोरो से होती हुई देखी जा रही है कांग्रेसी ओर भाजपा कार्यकर्ताओं में और लोगों में भी । कांग्रेस से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महिला अध्यक्ष सुनीता चन्नेवार , नेता प्रतिपक्ष रामप्यारी वर्मा , पूर्व अध्यक्ष सरोजनी चंद्राकर लेकिन बीजेपी से पूर्व पी आई सी मेंबर जामिन रेखराम बंछोर , श्रीमती सीमा ईश्वर ठाकुर , सभापति कविता विश्वाल के साथ साथ कई दावेदारों की चर्चा जोरो से हो रही है । चुनावी मुद्दों में विकास , महंगाई , वोट चोरी , एस आई आर जैसे मुद्दे की सुगबुगाहट है ।

बीएसपी में सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 15 नवंबर । सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा कार्मिकों एवं ठेका श्रमिकों को सुरक्षा नियमों, सुरक्षित कार्य पद्धतियों, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के उचित उपयोग तथा कार्यस्थल पर संभावित जोखिमों की पहचान एवं उनसे बचाव का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। भवन) में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक सुश्री पुष्पा एंब्रोस ने केंद्र का उद्घाटन किया। इस प्रशिक्षण केंद्र में संयंत्र के नियमित कार्मिकों एवं ठेका श्रमिकों को सुरक्षा नियमों, सुरक्षित कार्य पद्धतियों, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के उचित उपयोग तथा कार्यस्थल पर संभावित जोखिमों की पहचान एवं उनसे बचाव का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

तीन पुस्तकों का विमोचन, 20 रचनाकारों को मिला साहित्य रत्न सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 15 नवंबर । मैत्रीकुंज रिसाली में शनिवार की शाम मुक्तस्वर साहित्य समिति के तत्वावधान में साझा साहित्यिक संकलन मुक्तस्वर की अभिव्यक्ति के खंड-1 एवं खंड-2 तथा निबंध-संग्रह आधुनिक भारत की अभिव्यक्ति का विमोचन किया गया। इस अवसर पर साझा संकलन के 20 रचनाकारों को राष्ट्रीय स्तर के मुक्तस्वर साहित्य रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय तिवारी थे। अध्यक्षता रायपुर के वरिष्ठ गीतकार डॉ. चित्तरंजन कर ने की। अति विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ पत्रकार, कथाकार एवं विचारक शिवनाथ शुक्ल, पूर्व पार्षद शिवेन्द्र सिंह परिहार, वरिष्ठ कवि डॉ. बलदाऊ राम साहू तथा रिसाली नगर निगम की पार्षद डॉ. सीमा साहू उपस्थित की रही। समारोह में गोविन्द पाल, नरेंद्र कुमार सिक्केवाल, रजनीकांत श्रीवास्तव, शंकर भट्टाचार्य, संतोष जाटव जालौनी, शीशलता शालू, उमा जाटव, विपुल सेन, पं. वासुदेव भट्टाचार्य, जोहन भार्गव, डॉ. शिरोमणि माथुर, दुलाल समाद्दार, सीए भूषण चिपड़े, आकांक्षा तिवारी, सीता चौहान, डॉ. नीलकंठ देवांगन, नेहा वार्ष्णेय, सोनिया सोनी, बुद्धसेन शर्मा एवं जलज ताम्रकार को मुक्तस्वर साहित्य रत्न सम्मान प्रदान किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में मुक्तस्वर साहित्य समिति के साहित्यिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा साझा साहित्यिक संकलनों का प्रकाशन और रचनाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मान समारोह आयोजित करना सराहनीय पहल है। वर्तमान में तकनीक, सोशल मीडिया एवं मोबाइल के बढ़ते प्रभाव के दौर में साहित्यिक पुस्तकों का प्रकाशन और साहित्यिक आयोजनों का संचालन पहले की अपेक्षा अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। कार्यक्रम में अर्जुन मंडल, रामसेवक वर्मा, सी.एल. मरकाम, रामसमुझ, डॉ. सुचित्रा शर्मा, डॉ. अमर शर्मा, भारती सिक्केवाल, दीपा पाल, वीरेन्द्र सरकार, सुजासा सेन, ध्रुव मजुमदार, जयश्री मजुमदार, गोविन्द बर्मन, गीता बर्मन, परितोष बनिक, मिता बनिक, प्रदीप धर, सुबीर राय, रश्मि अग्रवाल, विनोद कुमार वर्मा, प्रवीर सेनगुप्ता, श्रीमती माधुरी कर, योगेश सहारे, डॉ. पी.आर. नायडू, गीतेश्वर प्रसाद साहू, चंदूलाल ठाकुर, स्मिता तिवारी, स्वर्णलता, रवीन्द्र नाथ देबनाथ, संत कवि ओंकार दास, वीरेन्द्र कुमार सिंह, राकेश सिसोदिया, ध्रुव दास बघेल, दिनेश मिश्रा, संजय सोनी, संगीता देवांगन, डॉ. कल्याण सिंह साहू, जागृति ताम्रकार, लीना ताम्रकार, पी.बी. पाल, आशीष सरकार, हितेश कुमार साहू, श्रावंती भट्टाचार्य, श्रेयसी भट्टाचार्य, अरुण सिंह, बरखा देवांगन, उज्ज्वल प्रसन्नो, रामकुमार साव चंचल, मनोज कुमार शुक्ल, महंत अंतराम साहू, पुरन कुमार, हरीश देवांगन एवं विशाल साव सहित सैकड़ों साहित्यप्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भूषण चिपड़े एवं संतोष जाटव जालौनी एवं शीशलता शालू ने आभार प्रदर्शन किया।

खुली संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता 8 दिसंबर से

भिलाई, 15 नवंबर । सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित खुली संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता 8 से 11 दिसंबर तक महात्मा गांधी कला मंदिर में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में कर्नाटक एवं हिंदुस्तानी संगीत के सुगम और शास्त्रीय गायन, लोक गायन, भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, कथक, ओडिसी, हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (तंतु एवं ताल वाद्य) तथा खुली आयु वर्ग की समूह नृत्य स्पर्धाएं होंगी। प्रतिभागियों के लिए दो आयु वर्ग निर्धारित किए गए हैं। इनमें 6 से 12 वर्ष तथा 13 से 18 वर्ष के बच्चे हिस्सा ले सकेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी

ग्राम पुरैना के अंगार मोती माता के मड़ई मेला कार्यक्रम में सम्मिलित हुए लेख राम साहू

अंवरी, 15 नवंबर। ग्राम पंचायत पुरैना में मां अंगार मोती के मड़ई मेला का भव्य आयोजन रखा गया था जिसमें श्री लेख राम साहू पूर्व विधायक कुरूद एवं राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग कांग्रेस नई दिल्ली , महेंद्र साहू ग्राम पटेल जोरा तराई भागवत बंजारे एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित होकर माता के दर्शन कर मेला का आनंद लिए

लेख राम साहू ने अंगार मोती माता के विशेषता के बारे में लोगों को बताया कि जो दुखियारी माता के दरबार में आकर सच्चे मन से अपने समस्या को बताता है और



दुआ मांगता है निश्चित ही उसका दुख दूर होता हैपौराणिक नाम-मान्यता है कि यह देवी ऋषि अंगीरा (या अंगारा) की पुत्री थीं, जिनके नाम पर इन्हें %अंगार मोती% कहा जाता है। इन्हें घटवारिन दाई के रूप में भी जाना जाता है। इस क्षेत्र के गांवों के लोग किसी भी शुभ कार्य या आयोजन से पहले माता के दरबार में मत्था टेकने पहुंचते हैं। संतान सुख की अनोखी मन्नत- यहां की सबसे विशेष मान्यता यह है कि जिन महिलाओं को संतान सुख प्राप्त नहीं होता, वे मड़ई के दौरान पेट के बल जमीन पर लेट जाती हैं और बैगा (पारंपरिक पुजारी) उनके ऊपर से चलते हैं।पूजा और परंपरा- यहां देवारी (दीवाली) के बाद आने वाले प्रथम शुक्रवार को विशेष पूजा-अर्चना होती है। भक्त यहां नारियल, साड़ी, फूल और अन्य पारंपरिक सामग्री अर्पित करते हैं।

रावघाट खदान परियोजना में तेजी लाने और दुर्घटनारहित कार्यसंस्कृति पर सीएमडी ने दिया जोर,प्रगति पर चर्चा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 15 नवंबर । स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अशोक कुमार पंडा शनिवार को भिलाई प्रवास पर पहुंचे। उनके आगमन पर निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने संयंत्र के उत्पादन, परिचालन गतिविधियों, सुरक्षा व्यवस्था तथा रावघाट खदान परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस्पात भवन में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में डॉ. पंडा ने निदेशक प्रभारी एवं वरिष्ठ प्रबंधन के साथ रावघाट खदान परियोजना की वर्तमान स्थिति और अब तक हुई प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने परियोजना के कार्यों में तेजी लाने पर जोर देते हुए कहा कि यह भिलाई इस्पात संयंत्र की कच्चे माल की उपलब्धता एवं आपूर्ति सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उत्पादन लक्ष्यों की प्राप्ति, उत्पादकता वृद्धि और परिचालन दक्षता बनाए रखने पर भी बल दिया। इसके पश्चात आयोजित सुरक्षा समीक्षा बैठक में सीएमडी ने संयंत्र के सुरक्षा कार्यनिष्पादन और विभिन्न विभागों में सुरक्षा उपायों के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कार्यस्थलों पर संभावित जोखिमों की पहचान, कार्मिकों में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने तथा निर्धारित सुरक्षा नियमों एवं प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षित कार्यसंस्कृति को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया।

शराब की लत से परेशान बहन ने लोढ़े से वार कर की भाई की हत्या

गोडपेंड्री हत्याकांड का चंद घंटों में खुलासा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 15 नवंबर । उतई थाना क्षेत्र के ग्राम गोडपेंड्री में 40 वर्षीय धर्मेन्द्र पाल की हत्या के मामले का पुलिस ने चंद घंटों में खुलासा कर दिया। हत्या के आरोप में पुलिस ने मृतक की 34 वर्षीय बहन धन्नी धनकर को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि भाई की शराब पीने की आदत से परेशान होकर बहन ने सिलबट्टा (लोढ़ा) से उसके सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 14 नवंबर को ग्राम गोड़पेण्ड्री में मर्ग की सूचना मिलने पर उतई पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची। वहां धर्मेन्द्र पाल का शव मिला। निरीक्षण के दौरान मृतक की बाईं आंख के ऊपर एवं सिर पर किसी ठोस वस्तु से गंभीर चोट पहुंचाए जाने के निशान मिले। प्रारंभ में मृतक की बहन एवं सूचनाकर्ता धन्नी धनकर ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हमला किए जाने की आशंका जताई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्रवाई की। घटनास्थल और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर हत्या की आशंका होने पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 103(1) बीएनएस के



तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने मृतक की बहन धन्नी धनकर से पूछताछ की। पूछताछ में उसने भाई की हत्या करना स्वीकार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में उसने भाई की शराब पीने की आदत से परेशान होकर वारदात को अंजाम देना बताया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त सिलबट्टा (लोढ़ा) जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल के आनंद मेला में युवाओं ने कौशल का प्रदर्शन किया

अंवरी, 15 नवंबर। आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्राचार्य एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में आनंद मेले का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। मेले में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों, खाद्य सामग्रियों एवं मनोरंजक खेलों के स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और व्यावहारिक कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की भी सहभागिता रही। बच्चों ने अपने हाथों से तैयार किए गए व्यंजनों और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से खूब आनंद लिया।

आनंद मेला केवल मनोरंजन, खानपान और खेलकूद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों को जीवनोपयोगी शिक्षा देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। इस आयोजन के माध्यम से बच्चों को सूक्ष्म अर्थशास्त्र (माइक्रो इकोनॉमिक्स) की बुनियादी अवधारणाओं को व्यवहार में समझने का अवसर मिलता है। इसमें अर्थशास्त्र की आत्मा समाहित होती है, क्योंकि विद्यार्थी वस्तुओं की लागत, मूल्य निर्धारण, खरीद-बिक्री, मांग, आपूर्ति, आय, व्यय तथा लाभ-हानि जैसी महत्वपूर्ण बातों को स्वयं अनुभव करते हैं।विद्यार्थी घर से सामग्री खरीदकर लाते हैं, उसका उपयोग कर खाद्य सामग्री या अन्य उत्पाद तैयार करते हैं और फिर स्टॉल के माध्यम से उनकी बिक्री करते हैं। इस पूरी प्रक्रिया में उन्हें यह समझने का अवसर मिलता है ।

निधन

कांता देवी खंडेलवाल

भिलाई, 15 नवंबर । श्रीमती कांता देवी खंडेलवाल धर्मपत्नी स्व. मुरलीमनोहर खंडेलवाल का



शुक्रवार, 13 नवंबर को दुर्ग में निधन हो गया। वे अखिल भारतीय भ्रष्टाचार निरोधक समिति प्रदेश अध्यक्ष रहे राजेश खंडेलवाल की माताजी एवं युवा बिजनेसमैन अंकित खंडेलवाल की दादी थीं। उनके निधन का समाचार मिलने से परिवारजनों, रिश्तेदारों एवं परिचितों में शोक की लहर दौड़ गयी। शनिवार को दोपहर 3 बजे उनके निवास स्थान से अंतिम यात्रा शिवनाथ नदी के लिए रवाना हुई, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।



तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,रविवार 15 नवंबर 2026 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष -42 ■ अंक-225 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 16 नवंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

महँगी हुई CNG, 1.50 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी

मुंबई,15 नवंबर। मुंबई और आसपास के महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में रहने वाले लोगों को महंगाई का एक और झटका लगा है। महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) ने रविवार से कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) की कीमतों में 1.50 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी कर दी है। इस बढ़ोतरी के बाद मुंबई में सीएनजी का खुदरा मूल्य 91.50 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। नई दरें शनिवार आधी रात से लागू कर दी गई हैं। एमजीएल की ओर से इस साल सीएनजी की कीमतों में की गई यह आठवीं बढ़ोतरी है। कंपनी ने इससे पहले 1 नवंबर को भी सीएनजी के दाम में एक रुपये प्रति किलोग्राम का इजाफा किया था। इस तरह पिछले 15 दिनों में ही गैस की कीमतों में 2.50 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हो चुकी है। वहीं, पिछले 75 दिनों के दौरान सीएनजी कुल 5.50 रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी 2026 से लेकर अब तक मुंबई में सीएनजी की कीमतों में कुल 11 रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि हो चुकी है। इस अवधि में गैस के दाम करीब 14 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। लगातार हो रही इस बढ़ोतरी से वाहन चालकों और आम उपभोक्ताओं की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी के पीछे पश्चिम एशिया में जारी संकट को भी एक प्रमुख वजह बताया जा रहा है। इस संकट के कारण गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है। वहीं, घरेलू स्तर पर प्राकृतिक गैस की कम उपलब्धता और आयातित गैस की ऊंची कीमतों के चलते कंपनियों की खरीद लागत में इजाफा हुआ है। इसी वजह से गैस की कीमतों पर दबाव बढ़ा है।

पाकिस्तानी हैंडलर्स के करीब आई महकदीप; राजस्थान में कराया रेलवे ब्लास्ट

नई दिल्ली,15 नवंबर। ATS के मुताबिक, श्रीगंगानगर जिले में अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेलवे लाइन पर 3 नवंबर को हुए ब्लास्ट के पीछे महकदीप और देवेंद्र की भूमिका सामने आई है। राजस्थान के श्रीगंगानगर में रेलवे ट्रैक पर हुए ब्लास्ट की जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। महज 21 साल की एक युवती को कथित तौर पर प्यार के जाल में फंसाकर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI के हैंडलर्स ने अपने नेटवर्क में शामिल किया। इसके बाद उसे रेलवे ट्रैक पर विस्फोट करने की जिम्मेदारी दी गई। पुलिस ने इस मामले में पंजाब के गुरदासपुर की रहने वाली महकदीप कौर और उसके 23 वर्षीय साथी देवेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसियों को शक है कि इस पूरी साजिश के पीछे पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स का हाथ है।

राष्ट्रपति मुर्मु ने बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि और झारखंड स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं

नई दिल्ली,15 नवंबर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी और झारखंड के स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यहां के निवासी राज्य को विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। झारखंड स्थापना दिवस हर साल 15 नवंबर को मनाया जाता है। यह उस दिन की याद दिलाता है जब 'बिहार पुनर्गठन अधिनियम, 2000' के तहत, दक्षिणी बिहार के हिस्से को अलग करके भारत का 28वां राज्य बनाया गया था। इसी दिन आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती भी होती है, जिसे 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रपति ने एक्स पोस्ट में कहा, "मैं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के पावन अवसर पर मनाए जा रहे 'जनजातीय गौरव दिवस' की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ। यह दिवस हमारी समृद्ध जनजातीय विरासत और राष्ट्र के प्रति जनजातीय समुदायों के ऐतिहासिक योगदान को स्मरण करने का अवसर है। मैं कामना करती हूं कि सभी देशवासी हमारी अमूल्य विरासत को




संरक्षित रखते हुए समावेशी विकास के मार्ग पर आगे बढ़ें।" राष्ट्रपति मुर्मु ने स्थापना दिवस पर झारखंड के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, "झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी निवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

भगवान बिरसा मुंडा की वीरता देती है निरंतर प्रेरणा : मोदी

नई दिल्ली,15 नवंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रविवार को झारखंड के स्थापना दिवस की राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की वीरता और बलिदान की गाथाओं से झारखंड की परंपराओं को निरंतर प्रेरणा मिलते रहने की कामना की।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, "झारखंड के सभी भाई-बहनों को राज्य के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं! हमारा यह प्रदेश जनजातीय गौरव, सांस्कृतिक विविधता और प्राकृतिक संपदा का अनूठा संगम है। यहां के घने वन, मनोरम जलप्रपात और ऐतिहासिक स्थल इसकी विशिष्ट पहचान को समृद्ध करते हैं। भगवान बिरसा मुंडा की वीरता और बलिदान की गाथाओं से यहां की परंपराओं को निरंतर प्रेरणा मिलती रही है।" प्रधानमंत्री ने आगे लिखा, "खनिज और ऊर्जा से लेकर हस्तशिल्प और पर्यटन तक इस राज्य में अपार संभावनाएं हैं। मुझे विश्वास है कि यहां के मेरे मेहनती और प्रतिभाशाली परिवारजनों के संकल्प और सामर्थ्य के बल पर यह प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। मेरी कामना है कि यह विशेष अवसर यहां के सभी लोगों के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।" वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखा, "धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। भगवान बिरसा मुंडा का जीवन अदम्य साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति समर्पण की अनुपम गाथा है। उन्होंने अंग्रेज़ी शासन के शोषण और अन्याय के विरुद्ध आवाज़ बुलंद की तथा जनजातीय समाज की अस्मिता और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया।" राजनाथ सिंह ने आगे लिखा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2021 से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती, 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने की शुरुआत हुई। यह देश के जनजातीय नायकों के अतुलनीय योगदान को राष्ट्रीय पहचान और सम्मान देने का



एक महत्वपूर्ण प्रयास है। मैं आप सभी को जनजातीय गौरव दिवस की भी हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का जीवन और उनके आदर्श आने वाली पीढ़ियों को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, अपनी संस्कृति पर गर्व करने और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देते रहेंगे।" केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट में लिखा, "अद्वितीय साहस व राष्ट्रभक्ति के प्रतीक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें नमन और समस्त देशवासियों को 'जनजातीय गौरव दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएँ। भगवान बिरसा मुंडा जी ने एक ओर जनजातीय समाज में स्वाभिमान और चेतना जगाई, वहीं स्वसंस्कृति व मातृभूमि की रक्षा के लिए अंग्रेज़ी हुकूमत के विरुद्ध 'उलगुलान आंदोलन' के माध्यम से क्रांति का बिगुल फूंका। उनकी जीवनगाथा आज भी राष्ट्रहित के लिए संगठित रहने तथा त्याग व समर्पण की प्रेरणा देती है।"

कांग्रेस के आरोपों पर साय का पलटवार

जनजातीय समाज को हमेशा वोट बैंक के रूप में किया इस्तेमाल

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर,15 नवंबर। जनजातीय गौरव दिवस को लेकर प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप जारी है. पीसीसी चीफ बैज ने भाजपा पर ढोंग करने और उन्हें आदिवासियों से



कोई मतलब नहीं होने का आरोप लगाया. इस पर मुख्यमंत्री साय ने पलटवार करते हुए कहा कि आजादी के 79 साल में लंबे समय तक कांग्रेस की सरकार केंद्र और राज्यों में रही है. उन्होंने हमेशा जनजातीय समाज को वोटबैंक के रूप में इस्तेमाल किया है. मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने वास्तिवक तौर पर जनजातीय समाज के समुचित विकास के लिए चिंतन किया है. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातीय कार्य मंत्रालय का गठन किया था. जनजातीय समाज के विकास के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत हुई है, जिसमें प्रदेश के 6 हजार 691 गांव शामिल है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों के लिए पीएम जनमन योजना की शुरुआत की है. छत्तीसगढ़ में ऐसी पांच जाति हैं, जिनकी आबादी मात्र 3 लाख 20 हजार है. मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को उनके बसाहट में जाकर देखें कि जनजातीय समाज के लिए कितना अच्छा कार्य हो रहा है. उनके घर का निर्माण, सौर ऊर्जा से बिजली, घरों में पानी व्यवस्था और राशन कार्ड बनाने का काण हो रहा है. छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का महापर्व 15 नवंबर से शुरू हो रहा है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि सरकार अपने वादे के मुताबिक किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदेगी. उन्होंने कहा कि सरगुजा और बस्तर संभाग में कई किसान अपनी पूरी पैदावार नहीं ले पाते हैं. किसानों को राहत देने के लिए सरकार उनसे जितनी धान पैदावार होगी, उतनी खरीदी करेगी और बाकी अंतर की राशि देगी.

रायगढ़ दौरे पर रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री साय ने रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा की. इस दौरान उनके साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव और मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी मौजूद रहीं. मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों को भगवान बिरसा मुंडा जयंती की शुभकामानएं दी. उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है. यह सौभाग्य की बात है कि इस अवसर पर आयोजित समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन भी शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ आ रहे हैं. जनजातीय समाज का जन सैलाब उमड़ने वाला है. महापर्व छठ पूजा की मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों को बधाई दी. मुख्यमंत्री आज जशपुर में तपकरा घाट में छठ पर्व में शामिल होंगे.

नितिन नवीन का धरमजयगढ़ दौरा रद्द

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले से बड़ी खबर सामने आई है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का धरमजयगढ़ दौरा रद्द हो गया है। कम विजिबिलिटी के कारण उनका विमान रायगढ़ स्थित जिंदल एयरपोर्ट पर लैंड नहीं कर सका। उन्हें भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह में शामिल होना था। विमान की लैंडिंग नहीं हो पाने के चलते नितिन नवीन समारोह में शामिल नहीं हो सकेंगे। उनके दौरे के रद्द होने के बाद अब कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और छत्तीसगढ़ भाजपा की प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी शामिल होंगी।

ललित मोदी को मिली ब्रिटिश नागरिकता

लंदन,15 नवंबर। इंडियन प्रीमियर लीग के संस्थापक और भारत से भगोड़े कारोबारी ललित मोदी को ब्रिटिश नागरिकता मिल गई है। उन्होंने शनिवार, 14 नवंबर 2026 को ऑक्सफोर्ड यूनियन में अपने संबोधन के दौरान इसकी सार्वजनिक घोषणा की। ललित मोदी के मुताबिक, उन्हें 15 सितंबर 2026 को परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में आयोजित एक समारोह में ब्रिटिश नागरिकता प्रदान की गई थी। उन्होंने इसे अपने जीवन का बेहद खास और गर्व का पल बताया। ललित मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'गर्व का पल, एक नए अध्याय की शुरुआत।'

शहीद एसपीओ के पार्थिव शरीर को डंपर में लाने पर विवाद

श्रीनगर,15 नवंबर। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकियों द्वारा दो स्पेशल पुलिस ऑफिसर (SPO) की हत्या के बाद अब उनके पार्थिव शरीर को गांव तक पहुंचाने के तरीके पर विवाद खड़ा हो गया है। बीजेपी विधायक शगुन परिहार ने आरोप लगाया है कि शहीद जवानों के पार्थिव शरीर बिना ताबूत के डंपर में रखकर उनके पैतृक गांव लाए गए। उन्होंने इसे देश की सेवा में जान गंवाने वाले जवानों का अपमान बताते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर की है। मृतक जवानों की पहचान रशपाल सिंह और बॉबी चंद के रूप में हुई है। दोनों किश्तवाड़ के दुर्गम इलाके दच्छन के कियार गांव के रहने वाले थे। शुक्रवार को गांव में पूरे सम्मान के साथ उनके अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की गई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें किश्तवाड़ की बीजेपी विधायक शगुन परिहार वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों पर नाराजगी जताती नजर आ रही हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले जवानों के पार्थिव शरीर



को बिना ताबूत डंपर में लाकर आखिर कैसा सम्मान दिया गया? इस दौरान जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और पद्दर के विधायक सुनील शर्मा भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जानकारी के मुताबिक, बुधवार दोपहर मारवाह के देहरना जंगल क्षेत्र में गोलीबारी की सूचना के बाद रशपाल सिंह और बॉबी चंद लापता हो गए थे। इसके बाद सुरक्षाबलों ने उनकी तलाश शुरू की। गुरुवार सुबह दच्छन के जंगल में दोनों के शव बरामद किए गए। घटनास्थल उनके लापता होने की जगह से करीब दो किलोमीटर दूर था। शुरुआती जांच में दोनों जवानों के शरीर पर गोलियों के कई निशान मिले। उनकी सर्विस राइफलें भी गायब थीं। बताया जा रहा है कि दोनों स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप का हिस्सा थे और बसनान में सेना की एक टीम को राहत देने जा रहे थे। घटना के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में आतंकियों की तलाश तेज कर दी है। साथ ही हमले के पीछे आतंकी कनेक्शन समेत अन्य संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है।

खड़ी यात्री बस को ट्रेलर ने मारी टक्कर, दो की मौत

कटघोरा,15 नवंबर। कोरबा जिले के कटघोरा में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ है, जहां सड़क किनारे खड़ी यात्री बस को पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में बस में सवार दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और जांच शुरु कतर दी। यह हादसा कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-130 पर बरपाली स्थित अनूप ढाबा के पास हुआ है। बताया जा रहा है कि रॉयल ट्रेवल्स की यात्री बस लगभग 35 सवारियों को लेकर कुनकुरी से रायपुर की ओर जा रही थी। तड़के करीब 3 बजे यात्रियों के बाथरूम जाने के लिए चालक ने बरपाली अनूप ढाबा के पास हाईवे किनारे बस रोकी थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे गेहूं से भरे एक तेज रफ्तार ट्रेलर का चालक अचानक ब्रेक नहीं लगा पाया और उसने खड़ी बस को पीछे से सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के पिछले हिस्से में बैठे दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं चार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही कटघोरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।





छत्तीसगढ़ में शुरू हुआ धान तिहार उपार्जन केंद्रों में उमड़े किसान

रायपुर,15 नवंबर। छत्तीसगढ़ में आज 15 नवंबर से धान तिहार की शुरुआत हो गई है. प्रदेश के तमाम उपार्जन केंद्रों में सुबह से ही धान बेचने के लिए किसानों का पहुंचना शुरू हो गया है. उपार्जन केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तौल किया जा रहा है. धान खरीदी की व्यवस्था सुचारू तौर पर चले इसके लिए सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जा रही है, साथ ही किसानों के लिए केंद्रों में तिरपाल, पीने के पानी और बैठने की सुविधा भी मुहैया कराई गई है. किसान अपनी मेहनत की फसल लेकर केंद्रों पर पहुंच रहे हैं. कहीं उत्साह है, तो कहीं अर्नब तूफान से हुई फसल क्षति को लेकर मायूसी भी है. बात करें धमतरी जिले में कुल 108 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं, जहां जिले भर के 1 लाख 31 हजार पंजीकृत किसान अपना धान बेचने पहुंच रहे हैं. सुबह से ही सभी सोसायटियों में पूजा-अर्चना के बाद खरीदी की शुरुआत की गई. प्रशासन ने इस बार व्यवस्था को बेहतर बनाने का पूरा दावा किया है. सुविधाएं देखकर खुश नजर आए किसानों ने कहा कि इस बार व्यवस्था पहले से बेहतर है, तौल भी सही हो रहा है. सरकार के बोनस से हम बहुत खुश हैं. लेकिन हर जगह तस्वीर एक जैसी नहीं है. लोहरसिंह सोसायटी में किसान मायूस नजर आए. वजह है फटा हुआ बारदाना. किसानों का आरोप है कि उन्हें जो बारदाना दिया जा रहा है, वह फटा हुआ है, मजबूरन किसान पैरा डालकर धान भर रहे हैं. किसानों ने प्रशासन से बेहतर और नया बारदाना देने की गुहार लगाई है. इसके साथ ही अर्नब तूफान से हुई फसल क्षति ने भी किसानों की चिंता बढ़ा दी है. कई किसानों की फसल बारिश में भीग गई, जिससे उन्हें नुकसान हुआ है. हालांकि, नुकसान के बाद भी किसानों के चेहरे पर सरकार के बोनस को लेकर खुशी साफ देखी जा सकती है. बात करें बालोद जिले की तो जिले के 161 उपार्जन केंद्रों में से 130 उपार्जन केंद्रों में आज से धान खरीदी की शुरुआत हुई.



राज्यपाल डेका ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर किया नमन

रायपुर, 15 नवंबर राज्यपाल श्री रमेन डेका ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और जनजातीय अस्मिता के महानायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया है।

लोक भवन में राज्यपाल ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही उनकी जयंती के अवसर पर मनाए जाने वाले जनजातीय गौरव दिवस की प्रदेश एवं समस्त देशवासियों को विशेष रूप से सभी जनजातीय भाई-बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

इटली के नेता ने राहुल गांधी के सामने लगाया 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का नारा

हैदराबाद,15 नवंबर। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में आयोजित कांग्रेस के 'भारत समिट 2026' में एक विदेशी नेता के बयान ने देश की सियासत में नया विवाद खड़ा कर दिया है। इटली के नेता और यूरोपीय सोशलिस्ट पार्टी के महासचिव जियाकोमो फिलिबेक ने मंच से 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का नारा लगाया। इस दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मंच पर मौजूद थे। फिलिबेक के इस बयान को लेकर बीजेपी और भारत राष्ट्र समिति (BRS) ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। तेलंगाना बीजेपी अध्यक्ष एन. रामचंदर राव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कांग्रेस को घेरा। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या किसी विदेशी नेता को भारत के लोकतंत्र और राजनीतिक व्यवस्था पर टिप्पणी करने देना उचित है?

राव ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह भारतीय नेता की तरह व्यवहार नहीं कर रहे हैं और विदेशी ताकतों के इशारे पर काम कर रहे हैं।

सामाजिक परिवर्तन मोर्चा से यूपी में क्या बदलाव आएगा

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को अभी कुछ महीने बाकी हैं लेकिन इसे लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। अखिलेश यादव राम मंदिर दर्शन के लिए जाने को तैयार हैं,कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता अब बता रही हैं कि जब बाबरी मस्जिद का ढांचा गिराया गया था तो उनकी आंखों में आंसू आ गए थे।गुरुवार को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने गठबंधन का ऐलान किया है। नए गठबंधन को 'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा' नाम दिया गया है।यह गठबंधन ने यूपी की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा।

यूपी में दलित व मुसलमान वोट बैंक बड़ा वोट बैंक है और यह दोनों वर्ग उसी को अपना वोट देते हैं जो भाजपा को हरा सकता है।फिलहाल दूसरे नंबर पर यूपी में सपा है यानी भाजपा का विकल्प यहां कभी बन सकती है तो सपा बन सकती है।यानी माना जाता है कि भाजपा को हराने का माद्दा फिलहाल तो सपा में है।कांग्रेस भी यहां सपा के साथ रहकर अपने मुसलमान वोट बैंक को वापस प्राप्त अपनी स्थिति मजबूत करना चाहती है,यही वजह है मुसलमानों को संदेश दिया जाता है कि कांग्रेस ही तुम्हारे दुख को अपना दुख समझकर आंसू बहाती है। यही वजह है कि चंद्रशेखर आजाद ने कहा है किसामाजिक परिवर्तन मोर्चा कोई तीसरा मोर्चा नहीं है, बल्कि समाज में बदलाव लाने के उद्देश्य से बनाया गया गठबंधन है। यह मोर्चा आने वाले समय में और मजबूत होगा तथा वंचित, शोषित, पीड़ित और हाशिए पर रहने वाले वर्गों के लोगों को एकजुट करेगा। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए विपक्षी दलों के बीच बड़े गठबंधन की जरूरत बताई। साथ ही समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को भी इस मोर्चे में शामिल होने का न्योता दिया।

वहीं AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने गठबंधन को लेकर कहा कि सामाजिक परिवर्तन मोर्चा उत्तर प्रदेश में बीजेपी को तीसरी बार सत्ता में आने से रोकने के लिए एक मजबूत विकल्प बनेगा। औवैशी ने चंद्रशेखर आजाद को मोर्चे का मुख्यमंत्री चेहरा बनाने की बात भी कहकर कांग्रेस सपा की तुलना में बेहतर व प्रभावी दांव चला है। इससे एक ओर वह दलित व मुसलमानों को एकजुट करना चाहते हैं और यह बताना चाहते हैं कि दोनों एकजुट हो गए तो सत्ता में उनकी बड़ी हिस्सेदारी हो सकती है यानी यूपी में दलित सीएम फिर से बन सकता है।मुसलमानों को सत्ता में ज्यादा हिस्सेदारी मिल सकती है।

चंद्रशेखर आजाद ने बीजेपी को चुनाव में हराने के लिए विपक्षी दलों के एकजुट होने की जरूरत बताई। उन्होंने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस से सामाजिक परिवर्तन मोर्चे में शामिल होने की अपील की।ऐसा करके रावण ने यूपी की जनता को संदेश दे दिया है कि हम तो यूपी में सत्ता में बदलाव के लिए बड़ा गठबंधन के हिमायती है, सपा ने हमे अपने गठबंधन में शामिल नहीं किया तो हम चाहते हैं कि सपा कांग्रेस हमारे गठबंधन शामिल होकर मजबूत गठबंधन बना सकते है,यूपी मे बदलाव ला सकते है। यानी औवैशी व रावण का संदेश हैं कि हम भी बदलाव लाना चाहते हैं, हम भाजपा के खिलाफ हैं।सपा-कांग्रेस के गठबंधन के जवाब में औवैशी व रावण के गठबंधन से यूपी का राजनीतिक समीकरण बदल सकता है।यह नया मोर्चा बसपा और सपा-कांग्रेस के दलित-मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाकर चुनावी समीकरण बदल सकता है। इससे निश्चित रूप से समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन को नुकसान पहुंच सकता है। आज़ाद अंबेडकरवादी और दलित राजनीति के एक प्रमुख युवा चेहरे के रूप में उभरे हैं उनको मायावती की जगह यूपी में दलितों का नेता बनना है।वही औवेशी को यूपी के मुसलमानों को बड़ा नेता बनना है,दोनों अकेले बड़ा नेता नहीं बन सकते इसलिए दोनों मिलकर बड़ा नेता बनना चाहते हैं और दलितों व मुसलमानों को एकजुट उनको उनकी राजनीतिक ताकत का एहसास कराना चाहते हैं। अगर गठबंधन आगामी चुनावों में कम से कम कुछ सीटें जीतने में कामयाब होता है और एक मजबूत क्षेत्रीय शक्ति के रूप में स्थापित होता है, तो त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति में यह किंगमेकर की भूमिका निभा सकता है।यही वजह है कि उत्तर प्रदेश में एआईएमआईएम और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के मिलकर चुनाव लड़ने के फैसले पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने कड़ा ऐतराज जताया है। आरोप लगाया है कि इससे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को फायदा पहुंचेगा। एआईएमआईएम छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए आसिम वकार ने मुस्लिम समुदाय से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा, ''कहीं ऐसा न हो कि इस बार भी आप भाजपा के छलावे में आ जाएं और अनजाने में उसे फिर से सत्ता में पहुंचा दें।''

बदल रहा है छत्तीसगढ़, संवर रही है आदिवासियों की जिंदगी

विशेष पिछड़ी जनजातियों के गांवों तक पहुँच रही है विकास की रोशनी

धनंजय राठौर,सयुक्त संचालक, जनसंपर्क, रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार की विकास, विश्वास और सुरक्षा की नीति के चलते पूरे छत्तीसगढ़ के वनांचलों में बदलाव की बयार बहने लगी है। वहां के वातावरण और जनजीवन में सकारात्मक बदलाव दिखाई देने लगा है। विकास एवं निर्माण कार्यों में शासकीय मिशनरी के साथ-साथ आम जनता की भागीदारी बढ़ी है, जिसके चलते छत्तीसगढ़ का हर इलाका तेजी से विकास की मुख्य धारा से जुड़कर तरक्की की राह चल पड़ा है। स्वास्थ्य, सड़क, शिक्षा, पेयजल, विद्युत विकास के कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। सड़क विहीन क्षेत्रों को मुख्य सड़कों से जोड़ा जा रहा है, इससे शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ आमलोगों तक आसान हो गया है। पीएम-जनमन पीएम-जनमन (PM-JANMAN) का पूरा नाम प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (Pradhan Mantri Janjati Adivasi Nyaya Maha Abhiyaan) है। यह भारत सरकार की एक विशेष योजना है जिसका उद्देश्य देश के सबसे पिछड़े और संवेदनशील विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों का सामाजिक-आर्थिक विकास करना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है। इस योजना का उद्देश्य पक्का और सुरक्षित आवास (प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत), स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता, बेहतर शिक्षा और स्कूल/छात्रावास, स्वास्थ्य सेवाएं और मोबाइल मेडिकल यूनिट, बेहतर पोषण (आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिए), पक्की सड़कें और दूरसंचार (रोड और टेलीकॉम) कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना, बिना बिजली वाले घरों का विद्युतीकरण, स्थायी आजीविका के अवसर और कौशल विकास (जैसे वन धन केंद्र) का अवसर प्रदान करना है। छत्तीसगढ़ के घने वनांचलों और दूरदराज बसे गांवों में पक्की सड़क और सिर पर पक्की छत होना कभी एक अकल्पनीय सपने जैसा था। बीमारी के दिनों में मीलों पैदल चलकर अस्पताल पहुँचना एक कठिन चुनौती थी, तो वहीं बिजली, साफ पानी और बेहतर शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं भी हर परिवार की पहुँच से कोसों दूर थीं। लेकिन आज, प्रधानमंत्री जनमन (PM-JANMAN) योजना के जरिए इन इलाकों की तस्वीर तेजी से बदल रही है।

छत्तीसगढ़ राज्य के गोंड, मुरिया, माड़िया, धुरवा, हल्बा, भतरा, दोरला, दंडामी माड़िया, कोरवा, उरांव, कंवर, बिंझवार, मांझी जनजातीय समूह निवासरत हैं, इनमें से बैगा और पहाड़ी कोरवा, बिरहोर, कमार और अबूझमाड़िया जैसे विशेष पिछड़ी जनजाति (PGVT) समुदायों के घरों तक अब विकास और सम्मान की बयार पहुँच रही है। प्रदेश में इन विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति के बसाहटों को चिन्हांकित कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित एवं पात्र सभी हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

दशकों की उपेक्षा के बाद शासन की सीधी पहुँच

विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (PVTGs) या विशेष पिछड़ी जनजातियों के समग्र उत्थान और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा कई ऐतिहासिक



कदम उठाए गए हैं। लंबे समय की भौगोलिक और सामाजिक उपेक्षा के बाद, अब शासन की सीधी पहुँच दूरस्थ वनांचलों और जनजातीय गांवों तक सुनिश्चित की जा रही है। 15 नवंबर को मनाए जाने वाले जनजातीय गौरव दिवस के विशेष अवसर पर इन बदलावों का आकलन करना यह रेखांकित करता है कि कैसे यह पहल जनजातीय समुदायों को बेहतर जीवन और विकास के समान अवसर उपलब्ध करा रही है। इस योजना का मूल उद्देश्य केवल भौतिक बुनियादी ढांचा तैयार करना भर नहीं है, बल्कि दशकों से विकास की मुख्यधारा से कटे रहे परिवारों तक शासन को खुद चलकर पहुँचाना है। विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा नवंबर 2023 में शुरू की गई इस महत्वाकांक्षी योजना को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में धरातल पर इस प्रतिबद्धता के साथ उतारा गया कि देश की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा छत्तीसगढ़ को इसकी उत्कृष्ट सफलता के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

पक्के मकान और सड़कों से सुदृढ़ होती कनेक्टिविटी

विशेष पिछड़ी जनजातियों के समग्र विकास के लिए छत्तीसगढ़ के श्री विष्णु देव साय की सरकार प्रतिबद्ध है। विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं पर सरकार विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने, उनकी आजीविका के साधनों को मजबूत करने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इन जनजाति समूह के लोगों को व्यवसाय और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर समग्र विकास करना है। योजना के तहत छत्तीसगढ़ में वनांचलों के निवासियों के लिए बड़ा बदलाव आया है। राज्य में विशेष पिछड़ी जनजातियों के 34,691 पक्के मकान स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 24,218 (लगभग 69 प्रतिशत) मकानों का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। इससे उन परिवारों का वर्षों पुराना सपना साकार हुआ है जो कभी कच्चे या झोपड़ीनुमा घरों में रहने को विवश थे। गांवों को मुख्यमार्गों और बाजारों से जोड़ने के लिए 2,901 किलोमीटर लंबी सड़कों को मंजूरी दी गई, जिसमें से 1,833 किलोमीटर का निर्माण पूरा हो चुका है। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य और स्थानीय आजीविका के रास्ते सुगम हुए हैं। कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से जनजातीय युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर मिले हैं।

बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

दूरस्थ वनांचल और विशेष पिछड़ी जनजातीय बस्तियों में सौर ऊर्जा और ऑन-ग्रिड बिजली के माध्यम से रोशनी पहुंचाई जा रही है। छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों में टॉवर फीडर और ट्रांसफार्मर स्थापित कर हजारों परिवारों को शत-प्रतिशत बिजली कनेक्शन से जोड़ा गया है। जल जीवन मिशन के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति के हजारों घरों तक पाइपलाइन के जरिए शुद्ध और स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है, जिससे उन्हें दूर से पानी लाने या झिरिया का अशुद्ध पानी पीने की मजबूरी से मुक्ति मिल रही है। दुर्गम वनांचलों में बुनियादी सुविधाओं के मोर्चे पर भी अभूतपूर्व काम हुआ है। राज्य में 7,349 परिवारों का ऑफग्रिड विद्युतीकरण शत-प्रतिशत पूरा हो चुका है। साथ ही, 1,490 लक्षित गांवों में से 940 गांवों में और पेयजल के मामले में 1,425 में से 510 गांवों में शत-प्रतिशत कवरेज हासिल कर लिया गया है।

स्वास्थ्य और पोषण

विशेष पिछड़ी जनजातीयों में आनुवंशिक बीमारी सिकल सेल की जांच और बचाव के लिए विशेष अभियान चलाया जाता है। विभिन्न आयु वर्ग के लोगों और गर्भवती महिलाओं में हीमोग्लोबिन की कमी दूर करने के लिए आयरन-फोलेट एसिड की अनुपूरक खुराक दी जाती है। स्थानीय स्तर पर पोषण वाटिका और संतुलित आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाना, विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के परिवारों तक पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता पहुंचाना प्राथमिकता में है। कुपोषण की रोकथाम के लिए बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं की उचित देखभाल और संतुलित पूरक पोषण आहार प्रदाय किया जा रहा है। दूरदराज के इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट (MMU) संचालित की जा रही हैं जो सीधे बस्तियों तक जाकर स्वास्थ्य सेवाएं और दवाइयां मुहैया कराती हैं। इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना और आंगनबाड़ी केंद्रों का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को सीधे घर-द्वार तक पहुँचाने के लिए 61 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स पूरी तरह सक्रिय हैं। इसके अलावा, स्वीकृत सभी 191 आंगनबाड़ी केंद्र वर्तमान में सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं।

आजीविका और डिजिटल पहुँच

विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (PVTGs या विशेष पिछड़ी जनजातियों) के क्षेत्रों में आजीविका के पारंपरिक साधनों को आधुनिक डिजिटल कनेक्टिविटी से जोड़कर व्यापक सामाजिक-आर्थिक सुधार किए जा रहे हैं। इन सुदूर और भौगोलिक रूप से अलग-थलग क्षेत्रों में 'डिजिटल समावेशन' के माध्यम से नए अवसर पैदा हो रहे हैं। पारंपरिक रूप से इन जनजातियों की आजीविका मुख्य रूप से कृषि और लघु वन उपज (MFP) जैसे कि शहद, महुआ, तेंदू पत्ता और जड़ी-बूटियों पर निर्भर रही है। सरकार अब इन्हें मुख्यधारा के बाजारों से जोड़ने के लिए कई ठोस कदम उठा रही है। प्रधानमंत्री जनमन (PM-JANMAN) योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों में सैकड़ों वन-धन विकास केंद्र सक्रिय किए गए हैं। उदाहरण के लिए, छत्तीसगढ़ के जनजातीय क्षेत्रों में सक्रिय केंद्रों के माध्यम से हजारों सदस्यों को उद्यमिता और मूल्य संवर्धन (Value Addition) का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन (PMJVM) के तहत वन उपजों की बिचौलियों पर निर्भरता कम करने के लिए सरकार द्वारा अधिसूचित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित की जा रही है। दुर्गम और सुदूर गांवों में विशेष तौर पर मोबाइल टावर स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे ये क्षेत्र पहली बार डिजिटल सेवाओं और आपातकालीन संपर्क सुविधाओं से जुड़ रहे हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी की पहुंच बढ़ने से अब डिजिटल इंडिया, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) और डिजिटल बैंकिंग जैसी सुविधाएं इन समुदायों तक सीधे पहुंच रही हैं। डिजिटल साक्षरता और संचार साधनों के माध्यम से अब जनजातीय कारीगर और वन उपज संग्राहक अपने मूल्य-वर्धित उत्पादों (Value-added products) को व्यापक घरेलू और डिजिटल बाजारों (E-commerce प्लेटफॉर्म्स) में प्रदर्शित कर पा रहे हैं। स्थानीय संसाधनों पर आधारित आजीविका को बढ़ावा देने के लिए 16 वनधन विकास केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए 135 मोबाइल टावर साइट स्वीकृत हैं (जिनमें से 37 पर काम शुरू हो चुका है), और 51 बहुउद्देशीय केंद्र तथा 40 छात्रावास भी तैयार किए जा रहे हैं।पीएम जनमन योजना ने छत्तीसगढ़ के विशेष पिछड़ी जनजातिय समाज के लिए केवल ईंट-गारे के मकान या पक्की सड़कें ही नहीं बनाई हैं, बल्कि इसने इन समुदायों को एक नई पहचान और देश की मुख्यधारा के साथ कदमताल करने का आत्मविश्वास दिया है। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि सशक्त और समावेशी विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण अब हकीकत बन रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि पीएम जनमन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में आज छत्तीसगढ़ देश का नंबर वन राज्य बनकर उभरा है। विशेष पिछड़ी जनजातियों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सुशासन के सरकार की असली जीत है। बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ छत्तीसगढ़ का जनजातीय समाज अब विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

जनजातीय गौरव दिवस विशेष

जनजातीय अंचलों का सर्वांगीण विकास ही विकसित छत्तीसगढ़ की आधारशिला

श्री सुनील त्रिपाठी, सहायक संचालक जनसंपर्क

जनजातीय गौरव दिवस भगवान बिरसा मुंडा सहित उन महान जननायकों के संघर्ष, साहस और स्वाभिमान को स्मरण करने का अवसर है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता, संस्कृति और प्रकृति की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित किया। उनका जीवन अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, अपनी परंपराओं पर गर्व करने और समाज के कल्याण के लिए निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देता है। यह दिवस जनजातीय समाज के योगदान को नमन करने के साथ उनके सम्मान, अधिकार और विकास के प्रति प्रतिबद्धता दोहराने का अवसर भी है। छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और प्रकृति से गहरे जुड़ाव से है। बस्तर से सरगुजा तक फैले जनजातीय अंचल प्रदेश की आत्मा हैं। इन क्षेत्रों का विकास केवल सुविधाएं पहुंचाने तक सीमित नहीं है। विकास की योजनाएं स्थानीय जरूरतों के अनुरूप बनें, जनजातीय समाज की भागीदारी सुनिश्चित हो और उसकी संस्कृति तथा पहचान सुरक्षित रहते हुए हर परिवार को आगे बढ़ने के अवसर मिलें, यही विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजातीय समाज के सम्मान, कल्याण और सशक्तिकरण को प्राथमिकता दे रही है। दूरस्थ अंचलों तक शासन की योजनाओं और बुनियादी सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने, गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और युवाओं के लिए अवसर तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनजातीय समाज की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन में स्थान मिल रहा है।

बजट से विकास को गति-वर्ष 2026–27 के बजट में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विकास के लिए आदिवासी उपयोजना मद में 34 प्रतिशत राशि का प्रावधान किया गया है। यह जनजातीय अंचलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली, सिंचाई, आजीविका और रोजगार से जुड़ी योजनाओं को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के नेतृत्व में बजट संसाधनों को विकास की प्राथमिकताओं से जोड़ने और योजनाओं का लाभ गांव तथा परिवार तक पहुंचाने पर जोर दिया जा रहा है। दूरस्थ क्षेत्रों में सड़क और संचार सुविधाओं का विस्तार गांवों को बाजार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ता है। सिंचाई और पेयजल जीवन को सहज बनाते हैं, जबकि कौशल विकास, कृषि, वनोपज और स्थानीय उद्यमों से जुड़े अवसर परिवारों की आय बढ़ा सकते हैं। योजनाओं का चयन क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं के आधार पर करना और उनका लाभ पारदर्शी ढंग से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है।

आवास से सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन-हर परिवार का अपना सुरक्षित घर हो, यह सम्मानजनक जीवन की बुनियाद है। जनजातीय अंचलों में किफायती आवास उपलब्ध कराने और आवासीय परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका है। आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के विभागीय नेतृत्व में आवास के साथ सड़क, बिजली, पानी और अन्य जरूरी सुविधाओं के विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है। जनजातीय क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियां और स्थानीय जरूरतें अलग-अलग हैं। इसलिए आवास योजनाओं को वहां की परिस्थितियों के अनुरूप आगे बढ़ाना आवश्यक है। पक्का घर बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण देता है, महिलाओं और बुजुर्गों को सुरक्षा प्रदान करता है तथा परिवार को स्थायित्व का भरोसा देता है। दूरस्थ अंचलों तक आवास और बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

सरल पंजीयन से नागरिकों और उद्यमियों को सुविधा-पंजीयन व्यवस्था में पारदर्शिता, सरलता और तकनीक का उपयोग आम नागरिकों के समय और संसाधनों की बचत करता है। पंजीयन मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के नेतृत्व में भूमि और संपत्ति से जुड़े कार्यों को अधिक सुगम बनाने, प्रक्रियाओं को स्पष्ट रखने और नागरिकों को बेहतर सेवा देने की दिशा में सुधार किए जा रहे हैं। महिला खरीदारों के लिए पंजीयन शुल्क में कमी जैसे निर्णयों से संपत्ति खरीदना अधिक किफायती हुआ है। जनजातीय क्षेत्रों के नागरिकों को भी पंजीयन संबंधी सेवाएं सहजता से उपलब्ध हों, यह जरूरी है। स्थानीय उद्यम, महिला समूह और छोटे कारोबार जब संपत्ति तथा व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़ी प्रक्रियाएं आसानी से पूरी कर पाते हैं, तो उनकी आर्थिक भागीदारी को बल मिलता है। सरल और भरोसेमंद व्यवस्था शासन पर लोगों का विश्वास बढ़ाती है तथा विकास के अवसरों तक उनकी पहुंच आसान करती है।

जीएसटी और स्थानीय आर्थिक गतिविधियां-जीएसटी व्यवस्था कर प्रणाली को अधिक पारदर्शी और एकीकृत बनाने का माध्यम है। जनजातीय अंचलों में छोटे व्यापारियों, कारीगरों, लघु उद्यमों और वनोपज से जुड़े कारोबारियों को नियमों की जानकारी तथा प्रक्रियाओं को समझने में सहयोग मिलना चाहिए। वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के नेतृत्व में कर प्रशासन को अधिक सरल, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने पर जोर दिया जा रहा है। मार्गदर्शन और तकनीकी सहायता से छोटे कारोबारी औपचारिक अर्थव्यवस्था से जुड़कर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकते हैं। स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, कृषि उपज और वनोपज का मूल्य संवर्धन तथा बाजारों तक बेहतर पहुंच जनजातीय परिवारों की आय बढ़ा सकती है। छोटे कारोबारियों के लिए कर संबंधी प्रक्रियाओं को समझना आसान बनाना और उन्हें सहयोगी व्यवस्था उपलब्ध कराना इस दिशा में महत्वपूर्ण है।

योजना और आंकड़ों से जरूरतों की पहचान-योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की भूमिका विकास की जरूरतों को समझने और योजनाओं को बेहतर दिशा देने में अहम है। मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के विभागीय दायित्वों के अंतर्गत विश्वसनीय आंकड़ों और क्षेत्रीय जानकारी के आधार पर यह पहचानने पर जोर है कि किन गांवों में सड़क, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, पेयजल, बैंकिंग या रोजगार के अवसरों की अधिक आवश्यकता है। सही जानकारी पर आधारित योजना से संसाधनों का उपयोग प्रभावी होता है और विकास का लाभ उन क्षेत्रों तक पहुंचता है जहां उसकी सबसे अधिक जरूरत है। जनजातीय अंचलों के विकास की योजना बनाते समय स्थानीय समुदायों के अनुभव और प्राथमिकताओं को भी महत्व देना जरूरी है। आंकड़े दिशा दिखाते हैं, जबकि स्थानीय सहभागिता यह सुनिश्चित करती है कि समाधान लोगों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप हों।

बैंकिंग सुविधा गांवों के करीब-आर्थिक समावेशन के बिना विकास अधूरा है। बैंक खाता, बचत, ऋण, बीमा, पेंशन और सरकारी सहायता तक सरल पहुंच हर नागरिक के लिए जरूरी है। दूरस्थ क्षेत्रों में बैंक शाखाओं के साथ बैंकिंग प्रतिनिधियों, बैंक सखियों और डिजिटल सेवाओं का विस्तार लोगों को गांव के निकट बैंकिंग सुविधा देने में मदद करता है। इससे छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए लंबी दूरी तय करने की मजबूरी कम होती है और योजनाओं की राशि सीधे खातों में पहुंचती है। बैंक सखी स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ महिलाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता का अवसर भी बनती हैं। तकनीक और बैंकिंग सेवाएं जनजातीय समाज के लिए सरल, सुलभ और भरोसेमंद हों, इस दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

पर्यावरण संरक्षण और जनजातीय जीवन-जंगल, जलस्रोत और जैव विविधता जनजातीय समाज के जीवन, आजीविका और संस्कृति से गहराई से जुड़े हैं। इसलिए विकास की योजनाओं में पर्यावरण संरक्षण, जल संचयन और स्थानीय संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को महत्व देना आवश्यक है। आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के विभागीय दायित्वों में विकास के साथ पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने का पक्ष भी महत्वपूर्ण है।

विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़-प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'विकसित भारत' के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र और हर समाज को इस विकास यात्रा में सहभागी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बजट में विशेष प्रावधान, आवास, सुगम पंजीयन, सरल कर व्यवस्था, बेहतर योजना निर्माण, बैंकिंग सुविधा, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय रोजगार के अवसर—ये सभी जनजातीय अंचलों को सशक्त बनाने के परस्पर जुड़े प्रयास हैं।वित्त, आवास एवं पर्यावरण, पंजीयन तथा योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभागों के माध्यम से मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी का योगदान जनजातीय अंचलों में विकास के लिए संसाधन, सुविधाएं और बेहतर प्रशासनिक प्रक्रियाएं उपलब्ध कराने से जुड़ा है।

एक नजर

आंचलिक गायन प्रतियोगिता में 31 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

कांकेर 5 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मानस संस्कृति विकासखंड इकाई नरहरपुर(जिला कांकेर) में आंचलिक प्रतिभा सम्मान गायन प्रतियोगिता में 21 पुरूष एंव 10 महिला कुल 31 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, सभी प्रतिभागियों के लिए नया अवसर बहुत ही उत्साह वर्धक रहा, ऑडिशन टेस्ट शान्ति पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश सलाहकार श्री आशाराम जूर्री, जिला संयोजक मानस संस्कृति लक्ष्मीकान्त साहू, महासचिव प्रकाश साहू, ब्लाक अध्यक्ष चैतुराम जुर्री, रामकुमार पटेल , श्रीमती त्रिवेणी साहू, चन्द्रहास सिन्हा (संस्कृति संयोजक),गंधेश्वर सिन्हा, रामूराम पटेल, जागेश्वर देवांगन, कुंदन साहू, ओम प्रकाश चक्रधारी, निर्णायक मंडल श्री निर्मल तिवारी,मयंक हड़प, रुखमनी साहू, मौसमी शाह, हेमलता साहू, भवानी मरकाम,निर्मला टांडिया आदि सदस्यों की उपस्थिति रही ।

जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण की मांग लेकर कलेक्टर से मिले नपं अध्यक्ष रजनीश सुराना

गीदम 15 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर नगर के विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने एजुकेशन सिटी से मंडी चौक तक जर्जर हो चुकी मुख्य सड़क का नए सिरे से गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की मांग रखी। अध्यक्ष ने कलेक्टर को बताया कि सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। वाहनों के गुजरने से धूल भी उड़ती है, जिससे आसपास के रहवासियों और व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की खराब स्थिति के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि सड़क पर कई बार पैचवर्क कराया गया, लेकिन कुछ ही समय में मरम्मत उखड़ जाती है। इसलिए अस्थायी मरम्मत के बजाय एजुकेशन सिटी से मंडी चौक तक सड़क की नई टॉप लेयर (रीकारपेटिंग) का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाना जरूरी है। मुलाकात के दौरान नगर की मूलभूत सुविधाओं और अन्य विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए नगर के विकास में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही मुख्य सड़क की समस्या के समाधान के लिए आवश्यक पहल करने की बात कही। अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कहा कि नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए नगरहित से जुड़े मुद्दों को शासन-प्रशासन के समक्ष लगातार उठाया जाता रहेगा।



16 किलो किलो गांजा के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

कोंड़ागांव, 15 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत केशकाल पुलिस ने आज शनिवार को उत्तरप्रदेश के दो अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के आरोपियों सिद्धार्थ सिंह एवं अशोक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 16 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत 08 लाख रुपये बताई गई है। केशकाल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि बटराली चौक स्थित एनएच-30 मुख्य मार्ग के पास दो व्यक्ति गांजा बिक्री के उद्देश्य से अपने बैगों में मादक पदार्थ छिपाकर बस का इंतजार कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों संदिग्धों को गिरफ्तार कर पूछताछ में आरोपियों की पहचान सिद्धार्थ सिंह (25 वर्ष), निवासी मैनपुरी और अशोक (46 वर्ष), निवासी मथुरा, उत्तरप्रदेश के रूप में हुई। तलाशी के दौरान सिद्धार्थ सिंह के नीले रंग के पिट्ठू बैग और पान पराग के झोले से गांजे के दो पैकेट, जबकि अशोक के काले रंग के पिट्ठू बैग से गांजे का एक पैकेट बरामद हुआ। तीनों पैकेटों का कुल वजन 16 किलोग्राम पाया गया। पुलिस ने गांजे की कीमत 8 लाख रुपये आंकी है।

धान खरीदी की तैयारी का जायजा लेने अंदरूनी क्षेत्रों के उपार्जन केंद्रों में पहुंचे कलेक्टर

- बसागुड़ा, तिम्मापुर, उसूर और संकनपल्ली केंद्रों का किया निरीक्षण, किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 15 नवंबर। जिले में आगामी धान खरीदी को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर विश्वदीप ने उसूर अनुभाग के सुदूर क्षेत्रों में स्थित धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बसागुड़ा, नवीन उपार्जन केंद्र तिम्मापुर, उसूर और संकनपल्ली केंद्रों का दौरा कर संबंधित अधिकारियों को खरीदी शुरू होने से पहले सभी जरूरी सुविधाएं पूरी करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बसागुड़ा केंद्र में साफ-सफाई और बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था करने को कहा। वहीं नवीन तिम्मापुर केंद्र में तार फेंसिंग, शेड, पेयजल, बिजली, चबूतरा और शौचालय निर्माण कराने के निर्देश दिए। उसूर केंद्र में कार्यालय की मरम्मत, बिजली, पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर दिया।

संकनपल्ली केंद्र में शेड निर्माण, पहुंच मार्ग, शौचालय तथा कार्यालय और बैठक व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्माण कार्य प्राथमिकता से पूरा करने को कहा गया। इसके अलावा इलमिड़ी और आवापल्ली उपार्जन केंद्रों का भी विभागीय स्तर पर निरीक्षण किया गया। इलमिड़ी में करीब 300 मीटर सड़क निर्माण, शौचालय, कार्यालय भवन और चबूतरे पर शेड की आवश्यकता बताई गई। वहीं आवापल्ली केंद्र में करीब 150 मीटर पहुंच मार्ग, तार फेंसिंग और पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और किसानों को धान खरीदी की व्यवस्थाओं के साथ कृषक उन्नति योजना की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी केंद्रों में तौल, बारदाना, भंडारण और पेयजल सहित जरूरी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं, ताकि किसानों को अनावश्यक इंतजार न करना पड़े।

धर्मारिम पंचायत के दामारम गांव में विकास के नाम पर लापरवाही

आंगनबाड़ी के घटिया निर्माण पर उठे सवाल, तीन इंच से कम ढलाई का आरोप





- छह ग्रामीणों ने की मजदूरी, भुगतान अब तक नहीं मिलने का दावा
- ठेकेदार पर घटिया निर्माण का आरोप, सरपंच बोले मुझे जानकारी नहीं, सचिव से पूछिए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 15 नवम्बर। उसूर ब्लॉक के अंदरूनी और पूर्व नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास कार्यों को गति देने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और मजदूरों के भुगतान को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। धर्मारिम ग्राम पंचायत के दामारम गांव में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी के निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता और मापदंडों के अनुरूप नहीं कराया जा रहा है। निर्माण में ढलाई तीन इंच से भी कम होने का आरोप लगाया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार, निर्माण कार्य में छह लोगों ने मजदूरी की थी। इनमें मडकाम मुया, जिन्होंने 10 और 15 दिन मजदूरी करने की बात बताई, के अलावा केसव, कोवासी हाड़मे और कोवासी बंडी के अन्य मज़दूर शामिल हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि काम करने के बावजूद उन्हें अब तक मजदूरी का भुगतान नहीं मिला है। ग्रामीणों ने इसके लिए पंचायत सचिव राजकुमार पर भुगतान नहीं करने का आरोप लगाया है।

तीन इंच से कम ढलाई, निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल : ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। ढलाई निर्धारित मानकों से कम होने की बात सामने आई है। यदि यह आरोप सही पाए जाते हैं तो यह निर्माण कार्य की मजबूती और भविष्य में भवन की सुरक्षा के लिहाज से गंभीर मामला हो सकता है। ऐसे में निर्माण की तकनीकी जांच कराकर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करना जरूरी है।

सरपंच ने झाड़ा पल्ला: मामले में जब धर्मारिम पंचायत के सरपंच से निर्माण कार्य और मजदूरी भुगतान को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, ÷मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है, जो भी बात करना है सचिव से पूछ लीजिए।÷ सरपंच का यह जवाब पंचायत स्तर पर चल रहे निर्माण कार्यों की निगरानी और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही को लेकर सवाल खड़े करता है।

पूर्व नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकास की गुणवत्ता से समझौता क्यों?: दामारम जैसे अंदरूनी गांव कभी गंभीर नक्सल प्रभाव वाले क्षेत्रों में शामिल रहे हैं। ऐसे इलाकों में सड़क, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार निश्चित रूप से जरूरी है। लेकिन विकास के नाम पर निर्माण कार्यों में कथित लापरवाही और मजदूरों के भुगतान में देरी ग्रामीणों के भरोसे को कमजोर कर सकती है।

अब सवाल यह है कि निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कौन करेगा? क्या ढलाई की मोटाई और इस्तेमाल की गई निर्माण सामग्री का परीक्षण कराया जाएगा? छह मजदूरों की मजदूरी का भुगतान कब होगा? और यदि निर्माण में गुणवत्ता संबंधी गड़बड़ी प्रमाणित होती है तो जिम्मेदार ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर क्या कार्रवाई होगी?

ग्रामीणों की मांग है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराई जाए और मजदूरी का लंबित भुगतान तत्काल सुनिश्चित किया जाए। विकास की योजनाएं तभी सार्थक होंगी, जब सरकारी धन का सही उपयोग हो, निर्माण मजबूत हो और मेहनत करने वाले मजदूरों को उनका हक समय पर मिले।

कम उत्पादन होने पर भी किसानों को मिलेगी सहायता, साय सरकार का बड़ा फैसला : रमेश यादव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



गीदम, 15 नवंबर। छत्तीसगढ़ सरकार ने कृषक उन्नति योजना के तहत पात्र किसानों को प्रति एकड़ 13,839 रुपये की एकसमान आदान सहायता देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की इस घोषणा से कम उत्पादन वाले क्षेत्रों के किसानों, विशेषकर लघु एवं सीमांत किसानों और बस्तर संभाग के किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है।

भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा रमेश यादव ने राज्य सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया है।

रमेश यादव ने कहा कि अब निर्धारित अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ से कम धान बेचने वाले पात्र किसानों को भी सत्यापित रकबे के आधार पर प्रति एकड़ 13,839 रुपये की आदान सहायता मिलेगी। इससे कम उत्पादन होने के कारण किसान सरकारी सहायता से वंचित नहीं रहेंगे। यह फैसला उन किसानों के लिए राहतकारी है, जिन्हें कम सिंचाई, मौसम और भौगोलिक परिस्थितियों के कारण कम पैदावार मिलती है।

उन्होंने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो रही है। राज्य सरकार ने किसानों से प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल धान 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदने का निर्णय लिया है। वहीं, केंद्र सरकार ने सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2,441 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। राज्य सरकार कृषक उन्नति योजना के माध्यम से अंतर की राशि आदान सहायता के रूप में दे रही है।

यादव ने कहा कि दंतेवाड़ा सहित पूरे बस्तर संभाग में किसानों को खेती के दौरान सिंचाई, मौसम और भौगोलिक परिस्थितियों जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सरकार का यह निर्णय क्षेत्र के किसानों के लिए लाभकारी साबित होगा। इससे जनजातीय अंचलों के किसान परिवारों को आर्थिक मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। धान खरीदी की निर्धारित मात्रा, बेहतर मूल्य और आदान सहायता जैसे निर्णय किसानों के हित में महत्वपूर्ण कदम हैं। अंत में रमेश यादव ने किसान हित में लिए गए इस निर्णय के लिए केंद्र और राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसान समृद्ध होंगे तो गांव और प्रदेश का विकास भी मजबूत होगा। किसानों का सम्मान और उनके परिवारों की खुशहाली सरकार की प्राथमिकता है।

विवि में परीक्षा फार्म ऑनलाइन 15 नवंबर तक, सेमेस्टर परीक्षाएं 1 दिसंबर से

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



जगदलपुर, 15 नवंबर । शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय द्वारा सेमेस्टर परीक्षा जुलाई-दिसंबर में संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा कक्षाओं में नियमित, स्वाध्यायी, भूतपूर्व एवं एटीकेटी परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा फार्म ऑनलाइन करने की तिथि 15 नवंबर तक बढ़ाई गई है। सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों व विवि मुख्य कैंपस के यूटीडी के स्टूडेंटस परीक्षा फार्म आवेदन कर संबंधित डॉक्यूमेंट के साथ 16 नवंबर तक हार्डकॉपी जमा कर सकेंगे। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययनशालाओं एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के सत्र जुलाई-दिसंबर 2026 के सेमेस्टर परीक्षा हेतु समय-सारिणी जारी कर दिया गया है। सेमेस्टर की परीक्षाएं 01 दिसंबर से प्रारंभ हो रही है। अलग-अलग पाठ्यक्रमों की परीक्षा अलग-अलग तारीखों में शुरू होगी। समय-सारिणी विवि के वेबसाईट पर देखी जा सकती है। स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा स्तर के नियमित, स्वाध्यायी मोड में अध्ययरत, प्रमोटेड व डिटेंट स्टूडेंट एवं पुराने पाठ्यक्रमों के अंतर्गत भूतपूर्व व एटीकेटी परीक्षार्थियों के लिए यह सेमेस्टर परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली की परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोहपर 01 बजे के बीच होगी वहीं दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 02 बजे से शाम 05 बजे के बीच संचालित होगी।

जगदलपुर बाल संप्रेक्षण गृह से फरार 5 बच्चों का 8 दिन बाद भी नहीं मिला कोई सुराग



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 15 नवंबर। बस्तर जिला मुख्यालय के वृंदावन कॉलोनी में स्थित शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह से फरार हुए पांच बच्चों का 08 दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल सका है। 06 नवंबर को हुई इस घटना के बाद से पुलिस लगातार बच्चों की तलाश कर रही है, लेकिन अब तक उनके संबंध में कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है। इस घटना का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि मामला कई दिनों तक दबा रहा। धनतेरस यानी करीब 06 नवंबर को हुई यह घटना 12 नवंबर को मीडिया के सामने आई। अब सवाल उठ रहा है कि प्रबंधन ने इतने दिनों तक इसे क्यों छिपाया? क्या विभागीय स्तर पर इस बड़ी लापरवाही को दबाने की कोशिश की जा रही थी?

बाल संप्रेक्षण गृह की अधीक्षक मनोजकांत जोशी के अनुसार बुधवार 06 नवंबर को सभी पांच बच्चों ने परिसर में निर्माणाधीन भवन की खिड़की का ग्रिल तोड़ा और वहां से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही संप्रेक्षण गृह के कर्मचारियों ने तत्काल बोधघाट पुलिस को सूचना दी गई।

मिली जानकारी के मुताबिक धनतेरस के दिन संप्रेक्षण गृह में पूजा का आयोजन हो रहा था। इस दौरान वहां मौजूद स्टाफ, केयरटेकर और सुरक्षाकर्मी पूजा में पूरी तरह व्यस्त थे। इसी मौके का फायदा उठाकर पांच बच्चे निर्माणाधीन भवन की तरफ पहुंच गए। उन्होंने वहां लगी खिड़की की ग्रिल तोड़ी और आसानी से बाहर निकल गए। पूजा खत्म होने के बाद जब बच्चों की गिनती की गई तब इस घटना का पता चला। पांच बच्चों के कम होने से पूरे प्रबंधन में हड़कंप मच गया। इसके बाद बोधघाट पुलिस को मामले की सूचना दी गई। पुलिस बच्चों की तलाश कर रही है।

बताया जा रहा है कि इस संप्रेक्षण गृह से बच्चों के भागने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी यहां से बच्चों के फरार होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसके बावजूद परिसर के निर्माणाधीन हिस्से को सुरक्षित रखने के कोई खास इंतजाम नहीं किए गए। फिलहाल बोधघाट पुलिस फरार हुए पांचों बच्चों की तलाश में जुटी हुई है।

ग्राम डूंगा व रेकावाया के जंगल से मशीनरी उपकरण,हथियार बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



नारायणपुर, 15 नवंबर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में नक्सलवाद से मुक्ति की घोषणा के बाद भी नारायणपुर जिले के अंदरूनी और जंगल क्षेत्रों में सुरक्षाबलों का सर्च अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में डीआरजी की टीम ने आज शनिवार को ग्राम डुंगा एवं रेकावाया के जंगल क्षेत्र में सर्च अभियान चलाकर बड़ी संख्या में नक्सलियों के द्वारा इस्तेमाल की गई मशीनरी उपकरण हथियार फैक्ट्री मॉड्यूल का नक्सली डंप बरामद किया गया है। बरामद सामग्री में दो ड्रिल मशीन, दो वेल्डिंग मशीन, एक कटर मशीन, तीन ब्लोअर, एक बेंच ग्राइंडर, एक टेबल ड्रिल मशीन और दो टेबल ग्राइंडर शामिल हैं। इसके अलावा ड्रिल मशीन में उपयोग होने वाला एक मोटर, आर. बॉक्स वायर, स्प्रिंग वायर, दो वेल्डिंग होल्डर, 13 वायरिंग बोर्ड, कप सीटर के दो नग और एक रॉकेट सेट भी बरामद किया गया है। वहीं मौके से बाइंडर, समानांतर कीट, ग्राइंडिंग बनाने वाला उपकरण, ड्रिल बिट, टेप रिंच, स्पैनर, वी-बेल्ट और बेंच वाइस सहित अन्य मशीनरी उपकरण सामग्री मिली है।

गौरतलब है कि नक्सलवाद के खत्में के बाद बस्तर संभाग के अंदरूनी इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, ग्रामीण क्षेत्रों में शांति का वातावरण बनाए रखने और विकास गतिविधियों को निर्बाध रूप से आगे बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। फिलहाल नारायणपुर पुलिस का कहना है कि नक्सलखाद के खत्में के बाद भी सुरक्षाबलों की सतर्कता में कोई कमी नहीं आई है। जिले के अंदरूनी और जंगल क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के साथ सघन सर्च अभियान जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास का माहौल कायम रखा जा सके।

धान खरीदी की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे प्रभारी कलेक्टर हरेश मंडावी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कांकेर, 15 नवंबर। जिले में 15 नवंबर से प्रारंभ होने जा रही समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर जिला प्रशासन द्वारा समुचित तैयारियां की गई हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रभारी कलेक्टर श्री हरेश मंडावी तथा अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुर्रे ने आज जिले के विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कांकेर विकासखण्ड के नवीन धान खरीदी केन्द्र आतुरगांव सहित तेलावट एवं नाथियानवागांव धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया और खरीदी प्रारंभ होने से पूर्व की गई तैयारियों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केन्द्रों में साफ-सफाई, धान रखने के लिए डेनेज की व्यवस्था, बारदाना की उपलब्धता तथा तौल के लिए आवश्यक उपकरणों का अवलोकन किया। केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र, कांटा-बांट, बायोमेट्रिक डिवाइस एवं नमी मापक यंत्र की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही पारदर्शी धान खरीदी सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। सभी खरीदी केन्द्रों में कम्प्यूटर एवं प्रिंटर की व्यवस्था भी की गई है। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि नवीन धान खरीदी केन्द्र आतुरगांव में 784 किसान, तेलावट केन्द्र में 612 किसान तथा नाथियानवागांव केन्द्र में 1,012 किसान पंजीकृत हैं। प्रभारी कलेक्टर श्री मंडावी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं, ताकि किसानों को धान विक्रय के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने किसानों की सुविधा, छाया-पानी की व्यवस्था, व्यवस्थित तौल तथा खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा। निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग के उप संचालक श्री जितेन्द्र कोमरा, खाद्य अधिकारी श्रीमती शांति ध्रुव, जिला विपणन अधिकारी श्री तामेश सिंह नागवंशी, वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक श्री महेश मरकाम, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री डी.एल. देवांगन सहित मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

एक नजर

जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का हुआ सीधा प्रसारण

महासमुन्द, 15 नवंबर । भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आज जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संबोधन का ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में महासमुंद विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री भीखम सिंह ठाकुर, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री देवी चंद राठी, श्री रमेश साहू, श्री महेंद्र सिक्का, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री अनुपमा आनंद, आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय समाज के साथ संपूर्ण देश के गौरव हैं। उन्होंने बहुत कम आयु में अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध संघर्ष कर देश की स्वतंत्रता और जनजातीय समाज के अधिकारों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका संघर्ष, साहस, त्याग और बलिदान आज भी हम सभी को प्रेरणा देता है। भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के साथ-साथ जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपरा, स्वाभिमान और अधिकारों के संरक्षण के लिए ऐतिहासिक भूमिका निभाई।

ग्राम बोदरीदादर के गोदाम से प्रशासन ने 300 कट्टा अवैध धान जब्त किया



महासमुंद, 15 नवंबर । जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने से पहले अवैध धान संग्रहण एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सघन निगरानी और कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में आज 14 नवंबर को राजस्व, मंडी एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने बागबाहरा विकासखंड के ग्राम बोदरीदादर में कार्रवाई करते हुए भेख लाल चंद्राकर के गोदाम से 300 कट्टा अवैध रूप से संग्रहित धान जब्त किया। जब्त धान को आगे की कार्रवाई के लिए मंडी विभाग के सुपुर्द किया गया है।यह कार्रवाई कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार तथा बागबाहरा एसडीएम के मार्गदर्शन में की गई। जिला प्रशासन द्वारा धान के अवैध संग्रहण, परिवहन एवं अनियमितताओं पर नजर रखने के लिए विभागीय टीमों को सक्रिय किया गया है।ज्ञातव्य है कि जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ हो रही है। खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिले में 15 चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही निगरानी के लिए उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है। जिले के 202 धान उपार्जन केंद्रों के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता, अवैध संग्रहण अथवा बिचौलियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाएगी तथा नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

डाक जीवन बीमा में तकनीकी बदलाव, 16 से 24 नवंबर तक बंद रहेंगे लेन-देन

जगदलपुर, 15 नवंबर । डाक विभाग द्वारा डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा सेवाओं को अधिक आधुनिक, प्रभावी और सुचारु बनाने के उद्देश्य से नई बीमा प्रबंधन समाधान प्रणाली लागू की जा रही है। इस तकनीकी बदलाव के चलते 16 नवंबर से 24 नवंबर 2026 तक डाक जीवन बीमा से संबंधित सभी प्रकार के लेन-देन अस्थायी रूप से बंद रहेंगे। डाक विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, इस अवधि में पॉलिसी का प्रीमियम भुगतान सहित अन्य संबंधित वित्तीय लेन-देन नहीं किए जा सकेंगे। ऐसे में विभाग ने सभी पॉलिसीधारकों से अपील की है कि वे किसी भी असुविधा से बचने के लिए अपना बकाया बीमा प्रीमियम 15 नवंबर 2026 तक जमा कर दें। डाक विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन पॉलिसी धारकों के लिए 15 नवंबर तक प्रीमियम जमा करना संभव नहीं होगा, वे नई प्रणाली के माध्यम से 25 नवंबर 2026 से सेवाएं दोबारा शुरू होने के बाद अपना प्रीमियम जमा कर सकेंगे। नई प्रणाली लागू होने से डाक जीवन बीमा सेवाओं के प्रबंधन को अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाया जाएगा। इसका उद्देश्य पॉलिसीधारकों को बेहतर ग्राहक सेवा उपलब्ध कराना तथा बीमा संबंधी कार्यों को अधिक सुचारु बनाना है।

जिले के 181 उपार्जन केन्द्रों में 1लाख 69 हजार पंजीकृत कृषकों से होगी धान की खरीदी

धान खरीदी महाभियान प्रारंभ,पहले दिन की खरीदी के लिये 306 टोकन जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार,15 नवम्बर। राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 हेतु समर्थन मूल्य पर 15 नवंबर से 15 जनवरी 20267 तक धान की खरीदी की जाएगी। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन मे जिले के 129 सहकारी सेवा समितियों के माध्यम से 181 उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है।पहले दिन 15 नवम्बर के लिये 306 टोकन जारी किये गए है जिससे 124 उपार्जन केंद्रों मे 1296 क्विंटल धान खरीदी होगी।

इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए जिले के कुल 1,69,970 किसानों ने पंजीयन कराया है, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 1,67,121 थी। इस तरह पिछले वर्ष की तुलना में 2,849 नए किसानों ने पंजीयन कराया है।



पंजीकृत किसानों का कुल धान रकबा लगभग 1,41,299 हेक्टेयर है। तहसीलदार सहित सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने कई उपार्जन केन्द्र मे तैयारी का जायजा लिया।

13 नये उपार्जन केन्द्र-इस वर्ष जिले में 13 नए धान उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं जिससे किसानों को नजदीकी केन्द्र मे धान बेचने मे सुविधा होगी।इनमें कोटियाडीह, कोसेमसरा (ब), ताराशिव, बाम्हनपुरी, धवईं, पनगांव, खपरी, अमेठी, अछोली, केसदा, कचलोंन, चिचिरदा एवं बेंदरी शामिल हैं।

खरीफ विपणन वर्ष 2026-267 में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अधिकतम सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ लिंकिग खरीदी सहित निर्धारित की गयी है। समितियों द्वारा सोमवार से शुक्रवार तक (शासकीय अवकाश के दिवसों को छोडकर) धान खरीदी की जायेगी तथा प्रत्येक शनिवार को क्रय किये गये धान की मात्रा, बारदानों का उपयोग तथा समिति को धान उपार्जन हेतु प्राप्त राशि के व्यय की पुष्टि धान खरीदी सॉफ्टवेयर में करना अनिवार्य है। समितियो,उपर्जान केन्द्रो मे इलेक्ट्रानिक तौल मशीन से धान खरीदी का कार्य किया जाएगाउड़नदस्ता गठन एवं चेक पोस्ट-अवैध रुप से धान बेचने वाले कोचिया एवं व्यपारियों को रोकने के लिये जिले में उड़नदस्ता गठन दल का आवश्यकता अनुसार गठन किया गया है। उड़नदस्ता दल में कृषि, राजस्व, खाद्य, सहकारिता, मंडी के अधिकारियों-कर्मचारियों का ड्यूटी लगाई गई है। उड़न दस्ता दल द्वारा जिले में धान बेचने वाले कोचिया एवं व्यपारियों की सूची के आधार पर विशेष निगरानी रखी जाएगी जहां भी अवैध रूप से थान संग्रहण एवं खरीदी की जानकारी मिलने पर तत्काल जांच किया जाएगा । जांच में अवैध रूप से खरीदी-बिकी करना पाये जाने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही किया जाएगा। जिले में 12 चेक पोस्ट स्थापित किया गया है।चेक पोस्ट में ड्यूटी मंडी, राजस्व विभाग, मंडी, वन विभाग, नगर सेना की ड्यूटी आवश्यकता अनुसार पाली पाली में लगाई गई है। चेकपोस्ट में बाहरी राज्यो से प्रवेश करने वाले वाहनों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

जनजातीय गौरव दिवस पर 16 नवंबर को जिला ऑडिटोरियम में होगा जिला स्तरीय समारोह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बलौदाबाजार,15 नवंबर । राज्य शासन के निर्णयानुसार भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा 16 नवंबर 2026 को बलौदाबाजार स्थित जिला ऑडिटोरियम में अपरान्ह 2:30 बजे से जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन जनजातीय समाज के महान स्वतंत्रता सेनानियों, वीर नायकों एवं महापुरुषों के योगदान को स्मरण करने तथा जनजातीय संस्कृति, परंपराओं एवं गौरवशाली विरासत के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिला स्तरीय समारोह के सफल, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय आयोजन के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आयोजन संबंधी आवश्यक दायित्व सौंपते हुए आपसी समन्वय से सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन द्वारा जनजातीय गौरव दिवस समारोह को गरिमामय स्वरूप देने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। यह आयोजन जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम में उनके अमूल्य योगदान तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान व्यक्त करने का महत्वपूर्ण अवसर होगा।

तबादले व निलंबन के बाद भी पटवारी हड़ताल पर अड़े, 62 का हुआ ट्रांसफर, 8 निलंबित

कोंडागांव, 15 नवंबर। जिले में पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को करीब एक महीना होने जा रहा है, लेकिन अब तक आंदोलन खत्म नहीं हुआ है। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारी 13 अक्टूबर से हड़ताल पर हैं। प्रशासन की सख्ती के बाद भी पटवारी काम पर लौटने को तैयार नहीं हैं। इस दौरान प्रशासन ने 62 पटवारियों का तबादला किया और 08 पटवारियों को निलंबित भी कर दिया, लेकिन इसका आंदोलन पर कोई खास असर नहीं पड़ा। पटवारी संघ ने साफ कर दिया है कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा ने 16 अक्टूबर 2026 को आदेश क्रमांक 462 जारी किया था। इसके तहत जिले की अलग-अलग तहसीलों में पदस्थ 62 पटवारियों को प्रशासनिक कारणों से अस्थायी रूप से दूसरे पटवारी हल्कों में भेजा गया था। इसके बाद प्रशासन ने संशोधित तबादला आदेश भी जारी किया। प्रशासन ने यह कदम राजस्व का काम-काज जारी रखने के लिए उठाया था। हालांकि तबादले के बाद भी पटवारियों ने हड़ताल खत्म नहीं की।हड़ताल के दौरान प्रशासन ने अनुपस्थित रहने, नोटिस का जवाब नहीं देने और आदेशों का पालन नहीं करने पर 08 पटवारियों को निलंबित कर दिया। इसके बावजूद पटवारी संघ अपने फैसले पर कायम है और आंदोलन जारी रखे हुए है। पटवारियों की हड़ताल से आम लोगों के राजस्व संबंधी काम प्रभावित हो रहे हैं। नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, जमीन के रिकॉर्ड में सुधार और अलग-अलग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। कई लोगों को जरूरी दस्तावेज और राजस्व रिपोर्ट मिलने का इंतजार करना पड़ रहा है।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ, कम धान बेचने पर भी बोनस की पूरी राशि मिलेगी किसानों को



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 15 नवंबर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ आज उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। धान खरीदी के पहले दिन कलेक्टर रणबीर शर्मा ने गरियाबंद एवं बारुला धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्रों में पहुंचकर किसानों से मुलाकात की, खरीदी व्यवस्था का जायजा लिया और किसानों का पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। कलेक्टर ने किसानों को आश्वस्त किया कि धान विक्रय के दौरान उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सबसे पहले गरियाबंद धान उपार्जन केंद्र पहुंचकर निरीक्षण किया। यहां जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ नागरिक श्री अनिल चंद्राकर की उपस्थिति में किसान श्री लिलेश निषाद के धान की तौल कराकर खरीदी प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया। किसान श्री निषाद ने 9 क्विंटल धान का विक्रय किया।इस अवसर पर कलेक्टर ने किसान का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और उनसे धान खरीदी केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने किसानों से बातचीत कर टोकन व्यवस्था, धान तौल, बारदाना, पेयजल, बैठने की सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। किसानों ने भी अपनी बात रखी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीदी प्रक्रिया व्यवस्थित, पारदर्शी और सुचारू रूप से संचालित हो तथा किसानों को अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। इस दौरान एसडीएम गरियाबंद सुश्री हितेश्वरी बाघे, जिला खाद्य अधिकारी जन्मेजय नायक, सहायक पंजीयक सहकारिता सुश्री महेश्वरी तिवारी सहित समिति प्रबंधक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद सहित कृषकगण मौजूद रहे।इसके बाद कलेक्टर श्री शर्मा बारुला धान उपार्जन केंद्र पहुंचे। यहां जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री सोहन ध्रुव, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सरपंच सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस केंद्र में किसान श्रीमती गीता बाई ने 16 क्विंटल धान का विक्रय किया। कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने उनका पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और धान विक्रय के लिए बधाई दी। कलेक्टर ने केंद्र में धान की तौल, किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और खरीदी से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

ईडी ने विट्ठल कालोनी के 355 प्लाटों का कब्जा लिया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 15 नवंबर। भिलाई विट्ठल कॉलोनी प्लॉट जब्त करने की कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने की है छत्तीसगढ़ के कथित शराब घोटाले की जांच में इडी की टीम दुर्ग जिले के कुम्हारी स्थित विट्ठल कॉलोनी पहुंची और 355 प्लॉटों पर कब्जा ले लिया। इन संपत्तियों की अनुमानित कीमत करीब 61 करोड़ रुपये बताई गई है। कार्रवाई के बाद कॉलोनी के मुख्य प्रवेश द्वार पर नोटिस भी चस्पा किया गयाकुम्हारी में ईडी ने क्या कार्रवाई की मौके पर मौजूद ईडी अधिकारियों के अनुसार विट्ठल कॉलोनी में कुल 385 प्लॉट हैं। इनमें से 30 प्लॉट पहले ही बिक चुके हैं, इसलिए उन्हें कार्रवाई से अलग रखा गया बाकी 355 प्लॉटों पर एजेंसी ने कब्जा लिया है जब्त संपत्तियों में एक व्यावसायिक प्लॉट भी शामिल है नोटिस में कब्जे में ली गई संपत्तियों और संबंधित प्लॉटों का पूरा ब्यौरा दर्ज किया गया है कार्रवाई एक नजर में कुल प्लॉट- 385 पहले बिक चुके प्लॉट (कार्रवाई से बाहर)- 30 कब्जे में लिए गए प्लॉट- 355 (इनमें एक व्यावसायिक प्लॉट भी) अनुमानित कीमत- करीब 61 करोड़ रुपये जगह- विट्ठल कॉलोनी, कुम्हारी, जिला दुर्ग

शराब घोटाले में की गई कार्रवाई

यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ के करीब 3 हजार करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले की जांच से जुड़ी है ईडी का आरोप है कि घोटाले से मिली कथित अवैध रकम से संपत्तियां खरीदी गईं इसी सिलसिले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल से जुड़ी विट्ठल कॉलोनी की संपत्तियों पर कब्जे की कार्रवाई की गई है ये सभी बातें जांच एजेंसी के आरोप हैं इन पर संबंधित पक्ष का जवाब आना बाकी है और अंतिम फैसला अदालत में होगा कुम्हारी में चर्चा ईडी की कार्रवाई के बाद कुम्हारी क्षेत्र में हलचल रही। कॉलोनी के गेट पर नोटिस लगने के बाद लोगों में संपत्तियों को लेकर चर्चा शुरू हो गई शराब घोटाले से जुड़े मामलों में इसे जांच एजेंसी का बड़ा कदम माना जा रहा है प्रवर्तन निदेशालय से जुड़ी आधिकारिक जानकारी ईडी की वेबसाइट पर देखी जा सकती है?

युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 15 नवंबर। युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है अमलेश्वर टीआई मोहद तरीके ने बताया कि ग्राम पाहंदा में स्थित बाजार चौक के पास त्रिदेव बंधे पर धारदार हथियार से हमला किया गया।

घटना में त्रिदेव के पेट में गंभीर चोट आई। तुरंत उसे उपचार के अस्पताल पहुंचाया गया शिकायत के बाद अमलेश्वर थाने पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी में जुटी रही तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर चंगोराभाठा, रायपुर में घेराबंदी कर झंडा चौक, शिव नगर, चंगोराभाठा, डी.डी. नगर रायपुर निवासी गोपी साहू, अंकित सोनकर, भेदराज निर्मलकर को पकड़ा गया। उनके पास से बटनदार धारदार हथियार, बाइक सीजी 04-एलजी 0726, सीजी 04 पीए 2955 और तीन मोबाइल बरामद किया गया युवकों को गिरफ्तार न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण के दो आरोपी अब भी फरार है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है

बाल दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कांकेर, 15 नवंबर। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़पिछवाड़ी कांकेर में बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री प्रदीप दत्त राय एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य श्री भूपेंद्र तिवारी ने किया।

इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ आचार्य श्रीमती रेणुका जैन ने कहा कि बच्चों के प्रति नेहरू जी की भावनाएं अत्यंत संवेदनशील थी। उनका कहना था कि जब बच्चों की भावनाओं का हम सम्मान करेंगे और उन्हें भावी राष्ट्र के कर्णधार के रूप में प्रस्तुत करेंगे तभी देश के भावी कल को सही दिशा मिल पायेगी। बच्चों में देश



भक्ति का भाव लाने हमे प्रयास करना होगा, ताकि देश का भावी कल उज्जवल हो सके। विभिन्न आयोजित प्रतियोगिताओं में कुर्सी दौड़ा, बोतल दौड़, फुग्गा फुलाओ, मोमबत्ती जलाओ आदि सम्मिलित थे। इस अवसर पर आनंद मेला के तहत अनेक स्वादिष्ट व्यंजन रखे गये थे, जिसका भैया बहनो ने आनंद लियाकुर्सी दौड़ में प्रथम गुंजित यादव, बोतल दौड़ में प्रथम टेकेन्द्र रहे।फुग्गा फुलाओ में विद्या व कुंजल देवांगन प्रथम रहे। मोमबत्ती जलाओ में प्रथम कुंजल देवांगन व शेष जैन रहे। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य श्री जीवन गंगबेर ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य गण व भैया बहन उपस्थित थे।

नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल से मजदूर के बेटे का उच्च शिक्षा का सपना पूरा हुआ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार-भाटापारा,15 नवम्बर। एक मजदूर के बेटे के लिए दिल्ली में रहकर पढ़ाई करने का सपना पूरा करना आसान नहीं था, लेकिन नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल ने उसके इस सपने को पूरा करने में मदद की। जिले के मिशन परसाभदर गांव के रहने वाले टिकेश्वर यादव ने अपनी उच्च शिक्षा के लिए इस पोर्टल का सहारा लिया। उन्हें इसके माध्यम से 2 लाख 32 हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिली, जिससे दिल्ली के प्रतिष्ठित भारतीय जनसंचार संस्थान (IIMC) में पढ़ाई का सपना पूरा हो सका।

टिकेश्वर एक साधारण परिवार से आते हैं। उनके पिता सुजीत कुमार यादव मजदूरी



करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के बावजूद उन्होंने हमेशा अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की कोशिश की।

टिकेश्वर ने बताया कि शुरुआती पढ़ाई गांव के पास स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में हुई। 12वीं तक गणित विषय लेकर पढ़ाई की।आगे की पढ़ाई गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर से पत्रकारिता एवं जनसंचार में ग्रेजुएशन किया। ग्रेजुएशन के दौरान दिल्ली के भारतीय जनसंचार संस्थान (IIMC) के बारे में जानकारी मिली। इस संस्थान में पढ़ने का सपना लेकर प्रवेश परीक्षा दी और सफल होकर दाखिला लिया दिल्ली में रहकर पढ़ाई की फीस और रहने-खाने का खर्च जुटाना बड़ी चुनौती थी। ऐसे में पिताजी ने पढ़ाई का सपना पूरा करने के लिए कर्ज लिया और किसी तरह फीस का इंतजाम हुआ। इसी दौरान नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (NSP) के बारे में जानकारी मिली और पोर्टल के माध्यम से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया। उन्हें 2 लाख 32 हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिली। छात्रवृत्ति मिलने से काफी खुशी हुई। उनका कहना है कि इस राशि से वे अपने पिता द्वारा उनकी पढ़ाई के लिए लिए गए कर्ज को चुका सकेंगे। टिकेश्वर ने बताया कि आईआईएमसी से पढ़ाई पूरी करने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के जनसंपर्क विभाग से जुड़ी एक एजेंसी के माध्यम से काम करने का अवसर भी मिला है। युवाओं से टिकेश्वर की अपीलटिकेश्वर का कहना है कि नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के युवाओं के लिए बहुत अच्छा प्लेटफॉर्म है।उन्होंने युवाओं से अपील की है कि वे नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर उपलब्ध योजनाओं की जानकारी लें और पात्र होने पर आवेदन जरूर करें।

सेवानिवृत पुलिस अधिकारी कल्याण एसोसिएशन का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई नगर 15 नवंबर। इस्पात नगरी भिलाई में छत्तीसगढ़ प्रदेश सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण एसोसिएशन के सेक्टर 7 स्थित कार्यालय में रविवार को दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक , एसोसिएशन के अध्यक्ष बी बी एस ठाकुर ने की। इस अवसर पर एसोसिएशन के संरक्षक आर पी शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित थे। दीपावली स्नेह मिलन समारोह में सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों ने एक दूसरे को दीपावली पर्व की बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष



बीबीएस ठाकुर ने उपस्थित सभी सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों का सुख-दुख पूछते हुए सभी को दीपावली पर्व की बधाई दी इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अपने-अपने अनुभव शेयर किया।समारोह में व्ही. एस. दवे,पी. एस. तिवारी, भारत भूषण शर्मा, अजीत यादव, वीरेंद्र सतपति, एसोसिएशन के महासचिव दिग्विजय सिंह परिहार, श्रीकांत द्विवेदी, रविंद्र उपाध्याय, प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव, जगदीश उइके, विजय शर्मा, सुभाष सिंह गौर, एन.बी. सिंह, सुरेश तिवारी लल्लन सिंह, उमेश अवस्थी, चिंतामणि वैष्णव, राजाराम भुआर्य, ईश्वरी लाल यदु, सुधाकर शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

एक नजर

नये बस स्टैण्ड में सफाई में बाधक लंबे समय से खड़े बंद वाहन हटवाने आयुक्त ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को किया पत्र प्रेषित



राजनांदगांव 15 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मोती तालाब के किनारे स्थित हाई टेक बस स्टैण्ड के भीतर काफी समय से कुछ वाहन खडे है, जिससे साफसफाई तथा यातायात प्रभावित हो रही है। उक्त बंद खडे वाहनो को हटवाने निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजनांदगांव को पत्र प्रेषित किया है। उल्लेखनीय है कि हाई टेक बस स्टैण्ड में दुर्ग, रायपुर, खैरागढ, कवर्धा, डोंगरगढ, गोदिया, नागपुर आदि शहरो में जाने के लिए बसे संचालित होती है। चुकि बस स्टैण्ड में बस पार्किंग स्थल तथा बस स्टैण्ड के भीतर कुछ वाहन मालिको के द्वारा काफी समय से वाहनो की पार्किंग किया गया है। लम्बे समय से वाहन खडी होने के कारण साफसफाई के साथ साथ यातायात भी प्रभावित हो रही है। गंदगी एवं यातायात प्रभावित होने से यात्रियो को असुविधा का सामना करना पडता है, जिसके कारण जहॉ यात्रियों को असहज महसूस होता है वही शहर की छवि भी धुमिल हो रही है। उपरोक्त परिस्थिति को ध्यान में रखकर आयुक्त श्री मरकाम ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजनांदगांव को बस स्टैण्ड के पार्किंग स्थल तथा बस स्टैण्ड मे खडे 14 बस, 3 ट्रक एवं 6 अन्य अनुप्रयोगी वाहने जो लंबे समय से खडी है, उसकी सूची तैयार कर उसे हटाने पत्र प्रेषित किया है। उन्होंने संबंधित वाहन मालिको के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए खडे वाहन हटवा निगम को सूचित करने कहा है।

विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे एवं महापौर मधुसूदन यादव ने दी छठ पर्व की बधाई

राजनांदगांव 15 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद श्री संतोष पाण्डे एवं महापौर श्री मधुसूदन यादव ने नागरिकों को छठ पर्व की बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में उन्होनें कहा कि सूर्य उपासना का यह पर्व कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मनाया जाता है। छठ पर्व नहाय खाये के साथ प्रारंभ होता है और इस पर्व में उगते और डुबते सूर्य की आराधना की जाती है। छठ पर्व पर षष्ठी के दिन शाम को सूर्यास्त से पहले नदी के घाट जाकर पूजा करते है और फिर दूसरे दिन सूर्योदय के समय षष्ठी माता और सूर्य भगवान को अर्ध्य देकर पूजा का समापन करते है तथा प्रसाद ग्रहण कर व्रत तोडते है। विधायक डॉ. सिंह, सांसद श्री पाण्डे एवं महापौर श्री यादव ने कहा कि कार्तिक मास के चैथ के दिन नहाय खाय के साथ प्रारंभ होकर सप्तमी के दिन उगते सूरज की पूजा कर निर्जला रहकर व्रत पूरा करते है। उन्होंने नागरिकों से छठ पर्व को उमंग व उल्लास के साथ मनाने की अपील की है, ताकि परिवार सहित नगर में खुशहाली कायम रह सके।

नंदई-बसंतपुर क्षेत्र में जिला प्रशासन ने 22 एकड़ भूमि पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया

राजनांदगांव 15 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राजस्व विभाग, नगर निगम एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बसंतपुर स्थित कोढ़ीखाना में 22 एकड़ भूमि पर बने अनधिकृत रूप से बने भवन एवं अन्य संरचनाओं पर बुलडोजर चलाकर कब्जा प्राप्त किया।



जांच के दौरान मौके पर अनधिकृत रूप से कई भवन एवं संरचनाओं का निर्माण किया गया था जिसे अतिक्रमण मुक्त किया गया. जिला प्रशासन द्वारा कब्जा प्राप्त करने के पश्चात? इस भूमि का उपयोग शासकीय कार्यो में किया जाएगा।नगर पालिक निगम द्वारा इस भूमि के उपयोग हेतु खेल मैदान तथा अन्य जनहित के कार्यो हेतु कार्ययोजना बनाई जा रही है।

बच्चों की रुचि के अनुसार उन्हें प्रशिक्षित करना ही सच्ची शिक्षा : बृजमोहन

भारतीय विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल के रजत जयंती एवं बाल दिवस समारोह में शामिल हुए सांसद श्री अग्रवाल



रायपुर, 15 नवंबर। रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल आज बाल दिवस के अवसर पर भारतीय विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल के भव्य रजत जयंती (25 वर्ष पूर्ण होने के) समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को सम्मानित किया। समारोह में स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि जिस बच्चे की जिस विषय में रुचि है, उसे उसी के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाना चाहिए, यही सबसे अच्छी शिक्षा है। उन्होंने विद्यालय की 25 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज हमारे इस विद्या मंदिर के 25 साल पूरे हो रहे हैं, इसके लिए मैं पूरे विद्यालय परिवार को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

श्री अग्रवाल ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि इस संस्थान से पढ़कर निकले बच्चे अपने जीवन में अवश्य सफल होंगे और आने वाले समय में भी यह विद्यालय बच्चों को और बेहतर शिक्षा देकर देश व समाज के लिए तैयार करेगा।

इससे पूर्व कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक सुशील कुमार साहू ने संस्थान के 25 वर्षों के संघर्ष और सफलता की यात्रा को याद किया। उन्होंने बताया कि धमतरी जिले के ग्राम भैंसमुंडी से प्राथमिक शिक्षा और भोपाल से कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद, 1999 में शिक्षण कार्य शुरू किया और परिजनों के सहयोग से सन् 2001 में इस विद्यालय की नींव रखी। 2006 में हाई स्कूल और 2008 में हायर सेकेंडरी की मान्यता मिलने के बाद आज यहां गणित, जीव विज्ञान और वाणिज्य संकाय में सैकड़ों विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। उन्होंने कहा कि 25 वर्ष पहले लगाया गया छोटा सा पौधा आज विशाल वृक्ष बन चुका है, जिसकी छाया में बच्चों को ज्ञान और संस्कार मिल रहे हैं।

समारोह में समिति उपाध्यक्ष श्रीमती प्रभा साहू, शारदा कुमार साहू, विद्यालय प्राचार्य किरण साहू, श्री संतोष अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण, पालकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

शहीदों का बलिदान राष्ट्र की अमूल्य धरोहर, उनके परिवारों का सम्मान हम सभी का दायित्व: राज्यपाल

शौर्य दिवस समारोह में राज्यपाल ने शहीद परिवारों का किया सम्मान





रायपुर, 15 नवंबर। राज्यपाल श्री रमेन डेका कल रायगढ़ के शासकीय पॉलिटेक्निक ऑडिटोरियम में शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा आयोजित शौर्य दिवस समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों का सम्मान किया और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए दिए गए उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि देश की संप्रभुता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा के लिए वीर जवानों का त्याग और समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। एक सैनिक का बलिदान केवल उसका व्यक्तिगत बलिदान नहीं होता, बल्कि उसका पूरा परिवार भी राष्ट्र के लिए त्याग करता है। शहीदों के परिवारों का सम्मान करना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी और कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि शहीद परिवारों के प्रति सम्मान और सहयोग किसी एक आयोजन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनके सुख-दुख में सहभागी बनना हम सभी का दायित्व है।

राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के विरुद्ध सुरक्षा बलों के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और चुनौतियों के बीच जवानों ने अदम्य साहस का परिचय दिया है। अनेक जवानों ने देश और प्रदेश की शांति एवं सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने युवाओं से शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके साहस, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देशभक्ति केवल नारों तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना और राष्ट्र के विकास में योगदान देना भी सच्ची देशभक्ति है। उन्होंने सभी से शहीदों के त्याग और बलिदान को सदैव स्मरण रखने तथा सशक्त, समृद्ध, सुरक्षित एवं विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लेने की अपील की। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, ब्रिगेडियर आर शंकर, कमाण्डेड अजय सिंह बिसेन सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने भारतीय सेना में जाने के इच्छुक विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें प्रोत्साहन राशि प्रदान की। इनमें सैनिक स्कूल में अध्ययनरत अंकित पटेल, तोयम पटेल, स्तव्य साहू, जयेश सिदार एवं सृष्टि राठिया तथा कक्षा 9वीं के नवनीत मेहर, भुवनेश पटेल एवं अर्नव गुप्ता शामिल थे। इसी प्रकार ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी चेन्नई की कलाडी श्रीनिधि एवं भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून के आर.बालाजी को प्रोत्साहन राशि दी गई।

मोहारा मेला स्थल में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने जुटा निगम का अमला

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव 15 नवंबर। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मोहारा स्थित शिवनाथ नदी के किनारे मोहारा मेला का आयोजन 23,24 व 25 नवम्बर को किया जा रहा है। मोहारा मेला स्थल का गत दिनों महापौर श्री मधुसूदन यादव ने निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम के साथ निरीक्षण कर बिजली पानी सफाई संबंधी आवश्यक सेवा मुहैया कराने तकनीकि अधिकारियों को निर्देशित किये थे, साथ ही उन्होने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन के लिए संस्कृति विभाग से समन्वय करने निगम आयुक्त से कहा था।

महापौर एवं आयुक्त के निर्देशानुसार निगम का तकनीकि एवं स्वास्थ्य अमला सक्रिय भागीदारी निभाते हुए मेला स्थल की सफाई,दुर्घटना से बचने नदी की ओर बेरिकेटिंग व अन्य व्यवस्था करने के अलावा मेला स्थल में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की तैयारी में जुट गये। निगम द्वारा पेय जल के लिये पाईप लाईन विस्तार कर स्टेन पोस्ट लगाने कार्य भी किया जायेगा। इसके अलावा मेला परिसर में दुकाने रोड के दोनों ओर लगाए जाने ले-आउट भी दिया जायेगा। मेला में आये श्रद्धालुओ के मनोरंजन के लिए आयुक्त श्री मरकाम ने 23, 24 नवम्बर 2026 तथा 24,25 नवम्बर 2026 के दरम्यानी शाम को (कुल 2 शाम) सांस्कृति कार्यक्रम आयोजित करने छत्तीसगढ के पारंपरिक सांस्कृतिक दल की प्रस्तुति के लिये छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग के संचालक को पत्र प्रेषित किया है, ताकि मेला में आये श्रद्धालु सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद ले सके।

रानी सूर्यमुखी देवी की प्रतिमा के लिए 11 लाख रुपए की स्वीकृति

राजनांदगांव 15 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। श्रीमती सूर्यमुखी देवी राजगामी सम्पदा न्यास राजनांदगांव की साधारण की बैठक जिला कार्यालय के अपर कलेक्टर कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में राजगामी सम्पदा न्यास की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू, उपाध्यक्ष श्री मनोज निर्वाणी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर राजनांदगांव श्री सीएल मारकण्डेय, राजगामी संपदा व्यवस्थापक एवं तहसीलदार श्री प्यारे लाल नाग उपस्थित थे। बैठक में राजगामी संपदा न्यास की भूमि एवं संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन, शहर के विकास तथा राजस्व व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में राजगामी संपदा की संपत्तियों से जुड़े लंबित विषयों, राजस्व वसूली, अतिक्रमण एवं शहर में प्रस्तावित विकास कार्यों के संबंध में चर्चा की गई।

गायत्री मंदिर परिवार का अखंड दीप जन्म शताब्दी वर्ष 2026 व दीपावली मिलन आयोजन



रायपुर 15 नवंबर। वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा एवं अखंड दीप जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर गायत्री मंदिर समता कॉलोनी के सभागार में शताब्दी वर्ष के साथ दीपावली मिलन का कार्यक्रम गायत्री मंदिर के मुख्य ट्रस्टी व पूर्व आरडीए अध्यक्ष श्याम बैस जी की अध्यक्षता और मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय कवि,चिंतक,लेखक संजीव ठाकुर की उपस्थिति में सनातनी भक्ति भाव के वातावरण में गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ मनाया गया।इस अवसर पर लगभग 300 से ज्यादा प्रबुद्ध गायत्री परिवार की समर्पित महिलाओं तथा पुरुषों की सहभागिता रही एवं सभी ने एक दूसरे का दीपावली की बधाइयों के साथ शुभकामनाओं का आदान प्रदान कर मिठाइयों से स्वागत किया ।

कार्यक्रम का संचालन दीनानाथ शर्मा जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री तथा अन्य भजनों से की गई इस अवसर पर मुख्य अतिथि कवि लेखक संजीव ठाकुर का श्री श्याम बैस जी द्वारा गायत्री मंत्र से अभिमंत्रित सॉल तथा श्री फल तथा माथे पर मंत्रोचारित तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि श्री सदाशिव हथमल,श्रीमती आर्दश वर्मा, डॉ, अंजनी शुक्ला पूर्व अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, अशोक तिवारी पूर्व संयुक्त कलेक्टर थे। कार्यक्रम संजीव ठाकुर कवि द्वारा दीपावली तथा अन्य विषयों पर अपनी कविता सुनाकर मंत्र मुक्त कर दिया। उन्होंने अपनी विदेश यात्रा के अनुभव को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय सनातन परंपरा विदेशी पश्चात सभ्यता पर विदेशी जनमानस पर प्रभाव का विस्तार से वर्णन किया, उन्होंने कहा कि हम अत्यंत सौभाग्यशाली हैं कि हम गायत्री परिवार के सदस्य हैं और भारत जैसे सांस्कृतिक रूप से सांस्कृतिक रूप से संपन्न देश में रहते हैं जो मानवता के कल्याण ईश्वरीय सेवा के लिए निरंतर अग्रसर है और मानव कल्याण के लिए एक दूसरे के प्रति आदर सम्मान और स्नेह रखते हैं, विदेश में परिवार अब संपूर्ण विघटन की ओर तेजी से बढ़ रहा है। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्याम बैस जी ने कहा दीपावली केवल माटी के दीप के उजाले से अंधकार को दूर करने का त्यौहार ही नहीं है बल्कि मन के अंदर के उजाले को जागृत कर समाज की बुराइयों को समाप्त करने का त्यौहार भी है, भारतीय त्योहारों में मानवीय संवेदना के साथ भारतीय परंपरागत संस्कृति की रक्षा का महान तथा पवित्र उद्देश्य भी सदैव निहित होता है। कार्यक्रम में प्रबुद्ध जनसभा को श्रीमती आदर्श वर्मा, डॉक्टर अंजनी शुक्ला और सदाशिव हथमल जी के साथ प्रदेश के अन्य क्षेत्र से आए सहभागियों ने भी संबोधित किया गया।

अपनत्व से रोशन हुई बुजुर्गों की दीपावली



रायपुर 15 नवंबर। विगत 35 वर्षों से जारी गौरवपूर्ण समाज सापेक्ष परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी प्रदेश की प्रतिष्ठित सामाजिक व साहित्यिक संस्था द्वारा दीपावली की खुशियों को समाज के जरूरतमंद तबकों तक पहुंचाने का कार्य जारी है द्य इस क्रम में 9 से 12 नवंबर तक निचली बस्तियों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं गरीब बच्चों के मध्य सहायता कार्य संपन्न हुआ द्य इस क्रम में 13 नवम्बर की रात्रि संजीवनी वृद्धाश्रम, कोटा, रायपुर में निवासरत बुजुर्गों के मध्य दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । एक दिवाली -खुशियों वाली शीर्षक के अंतर्गत संपन्न इस आयोजन में दियों, मिठाईयों, पटाखों व रात्रि भोज के साथ राजधानी के प्रबुद्धजनों ने 3 घंटे वृद्धजनों के साथ दीपावली की खुशियां शेयर की द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छ ग संनिर्माण एवं कर्मकार मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल थे । वरिष्ठ साहित्यकार शुभा शुक्ला निशा द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई द्य युवा संस्था के एम राजीव दैनिक दबंग स्वर के प्रधान संपादक पंडित पी के तिवारी,अंतर्राष्ट्रीय कवयित्री उर्मिला देवी एवं वरिष्ठ साहित्यकार चेतन भारती विशिष्ट अतिथि की आसंदी पर सुशोभित थे । कार्यक्रम के दौरान वक्ता मंच की संरक्षिका श्रीमती ज्योति शुक्ला के जन्मदिन को उत्सवित भी किया गया द्य इस अवसर पर राजेश पराते, शुभम साहू, विवेक बेहरा,पूर्णेश डडसेना, मनीष अवस्थी, चेतन भारती, युवा संस्था के एम राजीव, अजय त्रिपाठी, चंद्रकला त्रिपाठी, देव मानिकपुरी, नुपुर साहू, मो. हुसैन, डॉ उमा स्वामी, बलजीत कौर,डॉ इंद्रदेव यदु, प्रभात यदु, प्रशांत यदु, राजाराम रसिक, टुमिन साहू, डॉ गोपा शर्मा, उत्तम देवहरे, यशवंत यदु, रितेश साहू, सुषमा बंजारी, अचला श्रीवास्तव, रुमझुम शर्मा, रशीदा खान, हरी राम यदु, राम जीवन यदु, राजकुमार साहू, जयश्री, फूलेंद्र साहू, संतोष धीवर, मंगलू यादव, चंद्रकांत वैष्णव, गोविंद तिवारी सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे । कार्यक्रम का प्रभावी संचालन वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते एवं संयोजन मंच के संयोजक शुभम साहू द्वारा किया गया द्य इस कड़ी में रविवार 15 नवंबर को शाम 7 बजे प्रशामक देख रेख गृह सुंदर नगर मे भी दीपावली की खुशियां बांटी जायेगी।

प्रपत्र-6 नए नाम या कटे नाम के लिए स्पष्ट करें आयोग : कुसुम दुबे

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 15 नवंबर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी की महामंत्री एवं प्रदेश महिला कांग्रेस के सचिव अधिवक्ता कुसुम दुबे ने एसएसआर के प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशन के बाद निर्वाचन आयोग की कागजी कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए आयोग से मांग की है की एसआईआर दौरान जिन मतदाताओं के नाम विलोपित हुए उन मतदाताओं के नाम एसएसआर के दौरान 31 अक्टूबर तक किस प्रपत्र से जोड़ा गया या जोड़ा जाना है क्योंकि प्रपत्र 6 के माध्यम से मात्र नए मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में पहली बार शामिल होना है उनके लिए है वहीं प्रपत्र 6 के घोषणा पत्र की कंडिका 3 में आवेदक के द्वारा यह घोषणा की जा रही है कि निर्वाचक नामावली में पहली बार नाम जोड़े जाने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है इसके पूर्व किसी भी विधानसभा या लोकसभा के निर्वाचन नामावली में उनका नाम सम्मिलित नहीं किया गया है पश्चात कंडिका 5 में यह घोषणा है कि यदि उपरोक्त आवेदन में दी गई जानकारी मिथ्या असत्य पाए जाने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 (43) की धारा 31 के तहत 1 साल कारावास और जुर्माना दोनों का प्रावधान है ऐसे में एसआईआर में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों पर आयोग कार्यवाही करने में ना कर नाम कटे मतदाताओं से प्रपत्र 6 भरवा रही है ऐसी दशा में आयोग को प्रपत्र 6 के घोषणा पत्र की कंडिका 3 और 5 जो आपराधिक कार्यवाही से संबंधित है को समाप्त करने का आदेश जारी किया जाना चाहिए। अधिवक्ता कुसुम दुबे मुखरित शब्दों में कही कि इंडिया गठबंधन और राहुल गांधी जी के अगुवाई में लोकतंत्र बचाओ ,वोट बचाओ ,देश बचाओ का जो जनअभियान चल रहा है उससे विचलित निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार डरी सहमी है और उसी के चलते अपनी नाकाम कारगुजारियों को छिपाने के लिए आम जनता वंचित मतदाताओं के साथ इस प्रकार साजिश पूर्ण कृत्य कर रही है जो लोकतंत्र और कानून तंत्र के विपरीत होने के साथ साथ सत्ता और शीर्ष संवैधानिक पद का दुरुपयोग ही है।



किसानों के लिए संकल्पित साय सरकार: परदेसी सोनबोईर

कृषक उन्नति योजना से मिलेगा आर्थिक संबल, प्रति एकड़ 13,839 तक सहायता



राजनांदगांव 15 नवंबर। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार किसानों के सम्मान, आर्थिक सुरक्षा और खुशहाली को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। सरकार की कृषक उन्नति योजना किसानों के लिए आर्थिक संबल का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है। इस योजना के माध्यम से किसानों को उनकी मेहनत का उचित प्रतिफल देने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यह बात तिलाई भाजपा मंडल अध्यक्ष परदेसी सोनबोईर ने कही।

श्री सोनबोईर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के हितों को ध्यान में रखकर योजनाओं का संचालन कर रही है। कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026-27 में पात्र किसानों को धान के सत्यापित रकबे के आधार पर प्रति एकड़ 13,839 रुपये तक सहायता राशि देने का प्रावधान बताया गया है। इससे छोटे, सीमांत और बड़े किसानों को उनकी पात्रता के अनुसार आर्थिक लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि निर्धारित दर के अनुसार एक एकड़ के लिए 13,839 रुपये, दो एकड़ के लिए 27,678 रुपये और पांच एकड़ के लिए 69,195 रुपये तक की सहायता राशि का प्रावधान है। यह व्यवस्था किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करने के साथ ही खेती-किसानी से जुड़े खर्चों को पूरा करने में भी सहायक होगी। खाद, बीज, कृषि उपकरण, सिंचाई और अन्य आवश्यकताओं के लिए किसानों को आर्थिक सहारा मिलेगा। श्री सोनबोईर ने कहा कि कृषक उन्नति योजना की महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि किसानों के लिए 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान बेचना अनिवार्य नहीं है। निर्धारित पात्रता और सत्यापित रकबे के आधार पर कम मात्रा में धान बेचने वाले पात्र किसानों को भी योजना का लाभ मिलने की व्यवस्था है। हालांकि, धान बिल्कुल नहीं बेचने वाले किसानों के मामले में अलग से निर्धारित पात्रता एवं सत्यापन की शर्तें लागू होंगी। इसलिए किसानों को किसी भी तरह की अफवाह या भ्रामक जानकारी से परेशान होने की जरूरत नहीं है। श्री सोनबोईर ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए एग्रीस्टैक पंजीयन, फार्म आईडी और डिजिटल क्रॉप सर्वे में धान की फसल तथा रकबे का सही विवरण दर्ज होना आवश्यक है। किसानों को चाहिए कि वे अपने पंजीयन और दस्तावेजों की जानकारी समय रहते जांच लें। यदि किसी प्रकार की त्रुटि या कमी है तो संबंधित सहकारी समिति, धान खरीदी केंद्र, पटवारी अथवा कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर आवश्यक सुधार और प्रक्रिया पूरी कराएं। उन्होंने कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में किसान योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। इसलिए प्रत्येक किसान को अपनी पात्रता, पंजीयन और दस्तावेजों के संबंध में सही जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। सरकार की मंशा है कि योजनाओं का लाभ वास्तविक और पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे तथा किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है और यहां की अर्थव्यवस्था में किसानों का महत्वपूर्ण योगदान है। किसान दिन-रात मेहनत कर प्रदेश की खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाते हैं। ऐसे अन्नदाताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना सरकार की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार इसी भावना के साथ किसानों के हित में निर्णय ले रही है। श्री सोनबोईर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसान हितैषी विजन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में कृषि और ग्रामीण विकास को नई दिशा मिल रही है। कृषक उन्नति योजना किसानों की आय में वृद्धि और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने प्रदेश के किसान भाइयों से आग्रह किया कि वे किसी भी प्रकार की चिंता या घबराहट में न आएं। योजना को लेकर अधूरी जानकारी अथवा अफवाहों पर ध्यान देने के बजाय अधिकृत अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करें।





श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

जनजातीय गौरव दिवस

मुख्य अतिथि

श्री नितिन नवीन

माननीय राज्यसभा सांसद

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती पर शत् शत् नमन

15 नवंबर 2026

समय - प्रात: 9 बजे

दशहरा मैदान, धरमजयगढ़
जिला - रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

समावेशी विकास एवं उत्थान

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से **6,691** गांवों के **11 लाख** से अधिक परिवार और **पीएम-जनमन** से **1,544** गांवों के **56,569** परिवार लाभान्वित

संस्कृति और विरासत का संरक्षण

₹50 करोड़ की लागत से शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का निर्माण



महिला सशक्तीकरण

19.89 लाख से अधिक जनजातीय महिलाओं को **₹629.64** करोड़ अंतरित मिल रहा **महतारी वंदन योजना** का लाभ

सुरक्षित भविष्य की आधारशिला

75 एकलव्य और **14 प्रयास** आवासीय विद्यालय संचालित, **34 हजार** से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित

सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन

9.86 लाख जनजातीय परिवारों को **पक्के आवास**

वन अधिकारों से सशक्तीकरण

4.88 लाख से अधिक व्यक्तिगत, **46,868** सामुदायिक और **4,412** सामुदायिक वन संसाधन **अधिकार पत्र वितरित**

समृद्धि । सम्मान । सर्वांगीण विकास

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in | हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

छत्तीसगढ़ संवाद आर. ओ. 49787/106

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26